## सम्पादकीय

### यात्रा के बड़े संकेत

ट्रंप प्रशासन एक नई विश्व व्यवस्था बनाने के दावे कर रहा है। हालांकि उसका जोर फिलहाल आर्थिक गतिविधियों को संतुलित और कारगर बनाने पर अधिक नजर आ रहा है। ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति के भारी शुल्क थोपने को लेकर भारत में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, दोनों देशों के बीच सहयोग के रिश्तों में रुकावट आने का अनुमान लगाया जा रहा है, अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा कई अर्थों में महत्त्वपूर्ण है। गबार्ड ने प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात की और कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने जिस तरह आतंकवाद, रक्षा, सुरक्षा और सूचनाओं को साझा करने जैसे मुद्दों पर बेबाक ढंग से ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं का उल्लेख किया और भारत की चिंताओं पर सहयोग का भरोसा दिलाया, उससे साफ हो गया कि अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों में खटास की आशंकाओं में कोई दम नहीं है। गबार्ड ने स्पष्ट कहा कि डोनाल्ड ट्रंप इस्लामिक आतंकवाद खत्म करने को लेकर गंभीर हैं। आतंकवाद ने हमें चारों ओर से घेर लिया है और इसका दूरगामी असर पड़ेगा। उन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश का नाम लेकर आतंकवाद और सांप्रदायिक उन्माद से निपटने पर जोर दिया। दरअसल, भारत और अमेरिका के संबंध केवल व्यापारिक मुद्दों से नहीं जुड़े हैं। दोनों के बीच आतंकवाद भी एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके खिलाफ युद्ध छेड़ने का दोनों का साझा वादा है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ गबार्ड की बैठक में सुरक्षा और सूचनाओं के साझाकरण पर विशेष रूप से बातचीत हुई। रक्षामंत्री ने खालिस्तानी अलगाववादियों पर अंकुश लगाने का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों पर अमेरिका प्रतिबंध लगाए। अगर ट्रंप प्रशासन इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम उठाता है, तो भारत के लिए पन्नू जैसे अलगाववादियों के खिलाफ नकेल कसने में आसानी होगी। ये अलगाववादी अमेरिका और ब्रिटेन, कनाडा जैसे देशों की नागरिकता प्राप्त कर सुरक्षा घेरे में पहुंच गए हैं। भारत लगातार उनके खिलाफ दस्तावेज पेश करता रहा है, मगर अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के कानून कुछ ऐसे हैं कि भारत-विरोधी गतिविधियों के आरोप में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। अमेरिका अगर इस दिशा में कोई कड़ी पहल करता है, तो स्वाभाविक रूप से ब्रिटेन और कनाडा पर भी ऐसा करने का दबाव बनेगा।

# तेज हुआ बलूच आजादी आंदोलन

भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह अपनी एकता कायम करते हुए निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है।

जो दूसरों के लिए बुरा करता है उसके साथ भी कोई न कोई बुरा करता है। यह कहावत पाकिस्तान पर आजकल सही दिख रही है। भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह की शुरुआत में ही अपनी एकता कायम करते हुए यह निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है और इसके लिए दोनों के खिलाफ अपने अभियानों को ज्यादा तेज करना होगा।

इसके कुछ दिन बाद ही 11 मार्च को बलूचिस्तान के कच्छ जिले के आब-ए-गम इलाके के पास सुरंग में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ बंदूकधारियों ने हमला करके गोलीबारी की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली और दावा किया कि उनकी गोलीबारी में 30 लोग मारे गए तथा 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। यह ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी। इसमें तकरीबन 500 यात्री सवार थे। इस रेल लाइन पर 17 सुरंगें हैं और रास्ता कठिन होने के कारण रेल की गति धीमी रहती है। इसी का फायदा बलूच लिबरेशन आर्मी ने उठाया। इस घटना के बारे में बलूचिस्तान की सरकार ने बताया कि 80 यात्रियों को बचा लिया गया है जिनमें 43 पुरुष, 26 महिलाएं व 11 बच्चे हैं। इसके अलावा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 13 हमलावर मारे गए। पाकिस्तान इस घटना के बाद से दूसरे देशों पर आरोप मढ़ने में जुटा हुआ है।

13 मार्च को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद में शामिल रहा है। जाफर एक्सप्रेस पर हमले के समय आतंकी अपने हैंडलर्स और अफगानिस्तान में रिंग लीडर्स के संपर्क में थे। इन आरोपों को बेतुका बताते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को सख्ती से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केन्द्र कहां है। पाकिस्तान को दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय अपना आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उल्लेखनीय है पाकिस्तान सरकार और सेना इस घटनाक्रम में बलूच विद्रोहियों से निपटने में नाकामयाब दिखी है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दावा किया उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले 33 बीएलए विद्रोहियों को खत्म कर दिया है लेकिन सफल ऑपरेशन की कोई तस्वीर तक जारी नहीं की। अभी जाफर एक्सप्रेस की घटना से पाकिस्तानी सेना उबर भी नहीं पाई थी कि बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों ने 16 मार्च को बलूचिस्तान प्रान्त के नोशकी जिले में



पाकिस्तानी सेना के काफिले पर अचानक हमला करके बड़ी संख्या में सैनिकों को मार दिया। यह काफिला क्वेटा से कफ्तान जा रहा था। बीएलए के दावे के मुताबिक 90 सैनिकों को मार दिया गया। बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो भी जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तानी पुलिस ने हमले में तीन सैनिकों व दो नागरिकों के मारे जाने तथा 30 जवानों के घायल होने की पुष्टि की है। बीएलए के द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने नोशकी में रखशन मिल के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। इस काफिले में आठ बसें थीं जिसमें एक बस पूरी तरह ध्वस्त हो गई।

दूसरी बस को फतेह ब्रिगेड ने घेर लिया और उसके सभी जवानों को मार दिया। दरअसल बलूच अपनी आजादी के लिए अभियान चलाये हुए हैं। सन् 1947 से पहले ही भारत व पाकिस्तान की तरह बलूचिस्तान में भी आजादी की मांग तेज हो गई थी। 4 अगस्त 1947 को दिल्ली में हुई मीटिंग में माउंटबैटन के साथ कलात के वकील के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना थे जिन्होंने कलात, खरान, लास बेला व मकरान को मिलाकर बलूचिस्तान बनाने का सुझाव दिया था। बाद में जिन्ना इससे पलट गए लेकिन कलात के खान ने 12 सितम्बर 1947 को बलूचिस्तान को आजाद देश घोषित कर दिया। 26 मार्च 1948 को पाकिस्तानी सेना वहां घुस गई और इसे अपने आधिपत्य में ले लिया।

इसके बाद सन् 2000 तक बलूचियों ने चार बार पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विद्रोह किया लेकिन हर बार इसे दबा दिया गया। सन् 2005 में अकबर बुगती के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया। 26 अगस्त 2006 को बुगती व उनके साथियों की हत्या कर दी गई। बुगती के बाद बलूच लीडर गिरी को भी मार दिया गया। इसके बाद 2009 से वहां के लोगों को गुप्त रूप से निशाना बनाना शुरू किया गया। तब से अब तक बड़ी संख्या में बलूचों को या तो मार दिया गया या फिर उन्हें गायब कर दिया गया। बलूच विद्रोहियों की शुरू से यही मांग रही है कि पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान को खाली कर दे। उनके सभी नेताओं को बिना शर्त रिहा कर दिया जाए। इसके अलावा बलूचिस्तान में चल रहे चीन के सभी प्रोजेक्ट बंद कर दिए जाएं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रान्त है। यह पाकिस्तान के राजस्व का प्रमुख स्रोत है। इस इलाके में गैस, यूरेनियम, सोना, तांबा व अन्य धातुओं के विशाल भंडार हैं। आधे पाकिस्तान की गैस आपूर्ति यहीं से होती है। बलूचिस्तान के लोग इसे अपने संसाधनों की लूट बताते हैं।

बलूचिस्तान, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रमुख हिस्सा है जो बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का एक भाग है। बलूचिस्तान में ही ग्वादर बंदरगाह है जिसका विकास चीन के हाथों में है। चीन अपने शिनजियांग से ग्वादर को जोड़ने के लिए अब तक 46 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। चीन की इस घुसपैठ से बलूच नाराज हैं और विरोध में आन्दोलन चला रहे हैं। उपर्युक्त विवेचन यह स्पष्ट करता है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान के हाथ से निकलने वाला है। पाकिस्तान की सैन्य ताकत की पोल पिछले कुछ वर्षों से लगातार खुलती चली आ रही है और सुरक्षा बलों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। पाकिस्तान के लिए वर्ष 2009 सबसे खराब रहा था जब उसके 1012 सुरक्षा कर्मी मारे गए थे। साल 2012 में 734 तथा वर्ष 2024 में 754 सुरक्षा कर्मी मारे गए। चालू वर्ष 2025 के शुरुआती दो महीनों में सुरक्षा बलों के जवानों के मारे जाने की संख्या में 134 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है और 222 सुरक्षा कर्मी मारे जा चुके हैं। यह औसत इस वर्ष सारे रिकार्ड तोड़ सकता है।

# राजनीति में अपराधीकरण पर रोक लगे

वैसे तो देश की राजनीति में 1957 के चुनाव में ही बूथ कैप्चरिंग की पहली वारदात बिहार के मुंगेर जिला (अब बेगुसराय जिला) के मटिहानी विधानसभा चुनाव में हो गई थी। उस समय दबंगों ने जबरदस्ती बूथ पर कब्जा कर अपने पक्ष में लोगों के वोट डलवा लिए थे। हालांकि उस काले अध्याय की चर्चा आज तक होती है। बाद के दिनों में बूथ कैप्चरिंग की वारदातें लगातार बढ़ती गईं। राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। वरना आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाता है तो समाज खराब हो जाता है। क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशक से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं। संसद और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में भे यह मसला सिर चढ़कर बोलता रहा है। लेकिन सही बात तो यह है कि नेता खुद भी नहीं चाहते कि राजनीति साफ-सुथरी हो। राजनीति को समाज सेवा का दर्जा दिया गया है लेकिन आजादी के बाद से हमारे समाज सेवकों की सम्पत्ति में अकूत वृद्धि हुई है। अगर, मेरी बात पर भरोसा न हो तो सरकार किसी न्यायिक आयोग से सभी नेताओं की जो किसी सदन के सदस्य रहे हों, उनकी सम्पत्ति की जांच क्यों नहीं करा लेती। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। एक बार विधायक या सांसद क्या बन गए, नेताओं की सम्पत्ति रॉकेट की रफ्तार से बढ़ जाती है। मंत्रियों का तो कहना ही क्या! हद तो यह कि समाज सेवा के नाम पर उन्हें टैक्स में छूट भी मिलती है। और तो और, सांसद-विधायक जब चाहते हैं अपनी तनख्वाह में मनमानी वृद्धि कर लेते हैं। आज तक इस मामले में किसी सदन में कभी विरोध की बात नहीं देखी-सुनी गई। गजब तो यह कि यदि कोई व्यक्ति लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद् चारों सदनों का सदस्य रहा हो तो किसी सदन की सदस्यता नहीं रहने पर वह चारों सदनों के एक साथ पेंशन का हकदार हो जाता है। जबकि निजी सेक्टर में काम करने वाले और जीवन खपाने वाले लोग बुढ़ापे में पाई-पाई के मोहताज हो जाते हैं। आज भी लालू प्रसाद और आनन्द मोहन जैसे न जाने कितने लोग सजायाफ्ता होने के बावजूद प्रतिमाह लाखों रुपये पेंशन के ले रहे हैं। मुझे कहने दीजिए कि इस मामले में राजनीतिक दलों में गजब की एकता है -'हमाम में सभी नंगे हैं' की उक्ति चरितार्थ होती है। हाल ही में सजायाफ्ता सांसदों-विधायकों समेत अन्य नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने संबंधी जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हलफनामा गौर करने लायक है। याचिका भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। इस पर सरकार का कहना है कि 'याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह संविधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से क़ानून बनाने का आदेश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह परे है। इस तरह की योग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।' सरकार द्वारा शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। सरकार ने कहा कि यह क़ानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि 'अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता।' जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 (1) के तहत, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारिख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल तक है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 11 के तहत चुनाव आयोग के पास ताकत है कि वह किसी मामले में इस अवधि को कम या पूरी तरह हटा सकता है। धारा 8 कहती है कि किसी विधायक या सांसद को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है तो वह सजा पूरी करने के बाद छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता है।

## ईश्वर अनायास ही करते हैं हमारा कल्याण

मनुष्य जब कुछ चाहता है, तो उसे अभाव का अनुभव होता है; परंतु उस अभाव की पूर्ति किस वस्तु से होगी, वह इसे नहीं जानता। बस, उसे विश्वास होता है कि जिस वस्तु से मेरे अभाव की पूर्ति होगी, उसको भगवान जानते हैं और इसलिए वह उस अज्ञात वस्तु के लिए भगवान पर निर्भर करता है। जैसे छोटा शिशु बिस्तर पर पड़ा रोता है, उसे कोई कष्ट है- जाड़ा लग रहा है, मच्छर काट रहे हैं या और कोई पीड़ा है। वह यह नहीं जानता कि किस वस्तु की प्राप्ति होने पर मेरा संकट दूर होगा- वह केवल मां को जानता है और रोकर मां को बुलाता है। मां आकर स्वयं पता लगाती है कि बच्चा क्यों रो रहा है और पता लगाकर स्वयं उसके कष्ट निवारण का उपाय करती है। इसी प्रकार इस अवस्था में भक्त अपने लिए उपयोगी अज्ञात फल के लिए भगवान पर निर्भर करता है और उन्हीं की कृपा से कल्याणकारी फल को प्राप्त करके संतुष्ट होता है। इसमें फलरूप वस्तु का निर्णय भगवान करते हैं, इस दृष्टि से निर्भरता का यह स्तर ऊंचा होने पर भी सकाम भाव होने के कारण यह भी वस्तुत आंशिक ही है। इसके बाद उन भक्तों की बात है, जो केवल भगवान को ही प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए भगवान पर ही निर्भर करते हैं। इनके लिए भी बिल्ली के बच्चे और छोटे शिशु के उदाहरण दे सकते हैं। ये केवल चिंतन परायण रहते हैं, उसका फल भगवान की प्राप्ति कब होगी, क्यों कर होगी? इस बात को भगवान पर ही छोड़ देते हैं, और वास्तव में यों सब कुछ भगवान पर छोड़ने वाले बड़े लाभ में ही रहते हैं।

## अच्छी बातों से मिलता है लाभ

महात्मा बुद्ध का प्रवचन सुनने एक युवक प्रतिदिन आता था। कई दिनों तक प्रवचन सुनने के बाद युवक को लगा कि वह लगातार प्रवचन सुनने आ रहा है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है। जैसा वह पहले था, वैसा ही वह अब है। इसका क्या कारण है। बहुत सोचने के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचा कि उसे इस संबंध में बुद्ध से चर्चा करनी चाहिए। यह सब सोचकर वह युवक अगले दिन बुद्ध के पास गया और अपनी शंका के बारे में बताते हुए कहा कि वह रोज उनके प्रवचन सुनने आता है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आया है। आखिर इसका क्या कारण है कि उसे उनके प्रवचनों को कोई लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। तथागत उस युवक की बात बहुत शांत भाव से सुनते रहे। जब वह युवक अपनी बात कह कर चुप हुआ तो बुद्ध कुछ क्षण मौन रहे। फिर उन्होंने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि वह कहां रहता है? युवक ने कहा कि वह श्रावस्ती रहता है। उसका जवाब सुनकर तथागत ने फिर पूछा कि वह यहां आता कैसे है? युवक ने कहा कि वह कभी पैदल आता है तो कभी उसे किसी सवारी का साधन मिल जाता है, जिसके सहारे वह यहां तक पहुंच जाता है। बुद्ध ने फिर उस युवक से पूछा कि वह यहां से अपने घर जाता कैसे है? युवक ने बुद्ध से कहा कि जैसे वह यहां आता है, उसी प्रकार वह यहां से जाता है। बुद्ध ने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि क्या वह यहां बैठे-बैठे अपने घर नहीं जा सकता?

# आंखों का फड़कना सिर्फ थकान नहीं, हो सकती बीमारी

आमतौर पर हर किसी को जीवन में कभी-न-कभी आंख फड़कने का अनुभव होता है। ज्यादातर मामलों में यह बहुत सामान्य होता है। ज्यादा थकान, तनाव या कैफीन की अधिकता के कारण ऐसा हो सकता है। हालांकि, अगर आपकी आंखें लगातार और अनियंत्रित रूप से फड़क रही हैं तो यह ब्लेफरोस्पाज्म में नामक एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल कंडीशन का संकेत हो सकता है। इस कंडीशन में आंखों की मसल्स पर कंट्रोल खत्म हो जाता है। आंखों की मसल्स अपने आप सिकुड़ती है, जिससे बार-बार पलकें बंद होती हैं। यह रेयर कंडीशन है, लेकिन कई बार बहुत परेशानी का कारण बन सकती है। हालांकि, इसका इलाज संभव है और इसे कई तरह से ट्रीट किया जा सकता है। ब्लेफरोस्पाज्म के कारण अगर बार-बार आंख फड़क रही है और आप ड्राइव कर रहे हैं तो एक्सीडेंट का खतरा हो सकता है। इस कंडीशन में ऐसे सभी कामों में बहुत मुश्किल होती है, जिनमें बहुत एकाग्रता की जरूरत होती है। ब्लेफरोस्पाज्म एक रेयर न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसे फोकल डिस्टोनिया कहा जाता है। इसमें आंखों के आसपास की मसल्स अनियंत्रित रूप से सिकुड़ने लगती हैं। इसके कारण व्यक्ति की पलकों के झपकने की गति बढ़ जाती है। हर 1 लाख लोगों में सिर्फ 5 लोगों को ब्लेफरोस्पाज्म होता है। भारत में इसका कोई ठोस डेटा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, पुरुषों की तुलना में महिलाओं में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। आमतौर पर 40 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों को प्रभावित करती है। डॉ. रीना अग्रवाल कहती हैं कि जागरूकता की कमी और गलत डायग्नोसिस के कारण कई मामलों का पता नहीं चल पाता है। अगर किसी की आंखें बार-बार अनियंत्रित



रूप से बंद हो रही हैं तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसमें आमतौर पर तेज हवा, तेज रोशनी या स्ट्रेस के कारण बार-बार पलकें झपकने लगती हैं। इस बीमारी के सटीक कारण का अभी तक पूरी तरह पता नहीं चला है, लेकिन यह ब्रेन के बेसल गैंग्लिया नामक हिस्से में असामान्य एक्टिविटीज के कारण हो सकता है। अगर परिवार में किसी को ब्लेफरोस्पाज्म की समस्या रही है तो अन्य लोगों में भी इसके विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है। पार्किंसन जैसी बीमारियों के कारण भी ऐसा हो सकता है। अगर आंखों में लंबे समय तक जलन या इन्फेक्शन है तो भी ब्लेफरोस्पाज्म हो सकता है। ज्यादा स्ट्रेस और थकान के कारण यह समस्या और अधिक गंभीर हो सकती है। इसके अलावा कुछ एंटी-डिप्रेसेंट और न्यूरोलॉजिकल दवाइयां ब्लेफरोस्पाज्म ट्रिगर हो सकती है।

ब्लेफरोस्पाज्म का कोई स्थायी इलाज नहीं होता है। हालांकि इसके लक्षणों को कम करने के लिए कई अच्छे ट्रीटमेंट मौजूद हैं। यह ब्लेफरोस्पाज्म में सबसे प्रभावी ट्रीटमेंट माना जाता है। बोटुलिनम टॉक्सिन को आंखों की मांसपेशियों में इंजेक्ट किया जाता है, जिससे वे रिलैक्स हो जाती हैं और ऐंठन कम हो जाती है। इसका असर 3-4 महीने तक रहता है और फिर दोबारा इंजेक्शन की जरूरत होती है। कुछ मामलों में डॉक्टर मसल रिलैक्सेंट्स और एंटीकोलिनर्जिक दवाएं देते हैं, लेकिन ये बोटॉक्स की तुलना में कम प्रभावी होती हैं। जब मामला थोड़ा गंभीर होता है या सामान्य ट्रीटमेंट काम नहीं करते हैं तो सर्जरी के जरिए पलकों की कुछ मसल्स को हटाया जा सकता है, जिससे ऐंठन कम हो जाती है। ब्लेफरोस्पाज्म को पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता है क्योंकि हमें इसके होने का सटीक कारण नहीं पता है। हालांकि इसके लक्षणों को गंभीर होने से रोक सकते हैं या सामान्य लक्षण दिखने पर जरूरी सावधानियां बरत सकते हैं। तेज रोशनी, थकान और तनाव से बचें। नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं। स्क्रीन टाइम कम करें और नींद पूरी लें। हेल्दी डाइट लें, जिसमें कैल्शियम और विटामिन ष्ठ पर्याप्त मात्रा में हो। बहुत अधिक तनाव और थकान। कैफीन या शराब का अधिक सेवन। विटामिन या मिनरल्स की कमी, खासकर मैग्नीशियम की कमी। आंखों पर बहुत जोर यानी स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण। यह अलग-अलग व्यक्तियों पर निर्भर करता है। ज्यादातर मामलों में ट्रीटमेंट के बाद इसके लक्षण बहुत हल्के हो जाते हैं और यह नियंत्रित हो सकता है। जबकि कुछ कंडीशंस में यह गंभीर हो सकता है जीवनभर बना रह सकता है। भरपूर नींद लें। कैफीन और शराब का सेवन कम करें। ठंडी सिकाई करें। आंखों को पर्याप्त आराम दें। मैग्नीशियम से भरपूर डाइट लें, जैसे- केला, नट्स, हरी पत्तेदार सब्जियां। आमतौर पर थकान या स्ट्रेस के कारण आंखें फड़कने लगती हैं। अगर ये लक्षण लंबे समय तक बने हुए हैं तो इन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। अगर आंखें हफ्तों तक फड़क रही हैं। अगर पूरे चेहरे की अन्य मसल्स भी फड़क रही हैं। अगर आंखें फड़कने के कारण देखने में परेशानी हो रही है। अगर किसी अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्या के संकेत मिल रहे हैं, जैसे- बोलने में कठिनाई, चलने में संतुलन कम होना। लेकिन गंभीर मामलों में व्यक्ति की दृष्टि अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकती है। घरेलू उपायों से सिर्फ इसके लक्षण कम हो सकते हैं, लेकिन इसका पूरा इलाज डॉक्टर की देखरेख में ही संभव है।

# सरस्वती ग्रामोत्थान विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में इतिहास प्रदर्शनी का आयोजन

❑ प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल का विकास होता हैं: आनिल खालिया

जनमार्ग न्यूज



**बींझबायला।** सरस्वती ग्रामोत्थान विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय बींझबायला में साइकॉलजी व इतिहास विषय की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इन विषयों से संबंधित अनेक मॉडल व चार्ट बनाये। साइकोलॉजी विषय सम्बंधित मॉडल जैसे स्किनर, पावलव, कोहल्हर, थार्नडाईक आदि के सुप्रसिद्ध स्वचालित मॉडल बनाएं गए। इसी तरह इतिहास विषय के महाराजा प्रताप, वीर शिवाजी, राणा सांगा , गुरु गोविन्द सिंह , सिंधु घाटी सभ्यता, जंतर- मंतर आदि के मॉडल बनाए गए। अभिभावकों व आगंतुकों ने प्रर्दशनी का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों द्वारा बनाए सर्वश्रेष्ठ मॉडलों की प्रशंसा की। संस्था प्रबंधक अनिल खालिया ने बच्चों द्वारा बनाये गये मॉडलों की की सराहना करते अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रर्दशनी से विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल का विकास होता हैं तथा छुपी हुई प्रतिभाएं आगे आती हैं। सह प्रबंधक लेफ्टिनेंट महोदया अन्नपूर्णा न्योल खालिया ने मॉडलों का अवलोकन किया तथा अपने सम्बोधन में बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को इन विषयों के रुचि बढ़ती तथा विषय पर पकड़ बनती है। स्वामी विवेकानंद कोचिंग सैंटर के निदेशक हनुमान सर व कोचिंग विद्यार्थियों ने इन प्रदर्शित मॉडलों का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश खुडिया ने बताया कि इस क्षेत्र की मनोविज्ञान की पहली प्रर्दशनी हैं तथा भविष्य में इस तरह नवाचार होते रहेंगे। इस प्रर्दशनी का आयोजन करवाने में मुख्य भूमिका ऐकडेमिक प्रभारी भूपेन्द्र यादव, मनोविज्ञान प्रभारी जालन्धर सिह और इतिहास व्याख्याता सुरेन्द्र भादू की मुख्य भूमिका रही।

# महिलाओं को पैसों का लालच देकर सोने के आभूषण चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**पीलीबंगा।** गिरोह के सभी सदस्य हैं गुजरात राज्य के मूल निवासी राजस्थान व पंजाब राज्य के विभिन्न जिलों में वारदात करना किया स्वीकार गिरोह खानाबदोश रहकर अपना ठिकाना लगातार बदलते हुए देते है। वारदातों को अन्जाम गत दिवस 12.01.2025 को श्रीमती परमेश्वरी पत्नी मनीराम मेघवाल उम्र 70 साल निवासी वार्ड नं. 07 लखासर पीएस गोलूवाला जिला हनुमानगढ ने रिपोर्ट दी कि दिनांक 06.01.2025 को सरकारी हॉस्पीटल पीलीबंगा में अपनी जांच करवाकर दोपहर के लगभग 1 बजे प्रार्थीया दवाई लेकर हॉस्पीटल से खरलियां बस स्टैन्ड पर खड़ी थी। इतने में दो अन्जान लोग जिसमें एक महिला व एक पुरुष आये तथा अज्ञात महिला ने प्रार्थीया के कानों में पहनी लगभग 3 तौले सोने की बुजली के लिए बोला कि आप रास्ते में बुजली पहन कर जा रहे को कोई भी चोर रस्ते में आप से यह बुजली सहित आपका कान तोड़ कर लेजा सकता है आप मुझे यह बुजली देदो मैं कपड़े में गाँठ मार कर मेरे पास रख लेती हू आपको मेरे पर विश्वास नहीं है तो आप हमारे पैसे पकड़ लो रूपये की गड्डी जो कि रूमाल में लपेटी हुई थी वह पकड़ ली और सुनसान जगह ले जाकर अज्ञात पुरुष ने प्रार्थिया को बोला कि आप यह रुमाल में लपेटी हुई बुजली व दुसरे रुमाल में पैसो की गड्डी है यह आप अपने थैले में डाल लो और आप यह बस स्टैंड लेकर चलो आपकी बस आने वाली है और मैं इनको (मुल्जिमान महिला) रेलवे स्टेशन तक छोड़ कर आपके पास बस स्टैंड आता हूं। प्रार्थीया ने बस स्टैंड पहुंचते ही बुजली वाला रुमाल खोला जिसमे 2-3 गाँठ लगाकर पत्थर बाँधा हुआ मिला व दुसरे रुमाल जिसमे पैसो की गड्डी बताई गयी थी। उस गड्डी में सबसे उपर 50 रूपये का नोट लगा हुआ था और नीचे कोरे कागज लगे हुए थे। प्रार्थिया ने बस स्टैंड के आस पास उक्त अज्ञात पुरुष व महिला को ढूँढने की कोशिश की परन्तु वे वहां नजर नहीं आये। पुलिस ने रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 26/2025 जुर्म धारा 318(4), 3(5) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया। जिसके तहत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आज पीलीबंगा थाना प्रभारी श्री अशोक बिश्नोई के नेतृत्व में राजकुमार हैडकानि0 131 मय टीम द्वारा बेहतर सामंजस्य, फील्ड इटैलिजेन्स, मानवीय आसूचना संकलन व आबादी क्षेत्र से बाहर टेन्ट लगाकर रह रहे संदिग्धों से पूछताछ करते हुए गिरोह के सदस्य



1. अर्जुन पुत्र लबडीक उर्फ रमड़ीक माली उम्र 20 साल निवासी गली नम्बर 01 गुरुनानक नगर गोन्याणा मण्डी जिला भटिण्डा पंजाब हाल खानाबदोश भट्टा कालोनी हनुमानगढ जंक्शन पीएस हनु0 जंक्शन

2. वीरूराम पुत्र हीरालाल उम्र 45 साल माली उम्र 45 साल निवासी निवासी करणीसिह मार्ग सीड फार्म के पास वार्ड नम्बर 49 श्रीगंगानगर, हाल नरवाणा रोड गली नम्बर 4 नजद कालीमाता मन्दिर बठिण्डा पंजाब

3. कृष्णादेवी पत्नी स्व. हेमराज पुत्री स्वं. शंकरलाल गुजराती माली उम्र 40 साल निवासी करणीसिह मार्ग सीड फार्म के पास वार्ड नम्बर 49 श्रीगंगानगर, हाल नरवाणा रोड गली नम्बर 4 नजद कालीमाता मन्दिर बठिण्डा पंजाब* को जुर्म धारा 318(4), 61(2) भारतीय न्याय संहिता में गिरफतार करने में सफलता हासिल की है। मुल्जिमानों द्वारा पंजाब के विभिन्न शहरों, रावतसर, पीलीबंगा, हनुमानगढ टाउन, हनुमानगढ जंक्शन, सूरतगढ, सादुलशहर, श्रीगंगानगर आदि शहरों में वारदातें करना स्वीकार किया है। मुल्जिमानों से अन्य वारदातों के सम्बन्ध में विस्तृत अनुसन्धान जारी है। मुल्जिमानों से पीलीबंगा थाना ईलाका में की गई वारदातों के सम्बन्ध में बरामदगी के प्रयास जारी है।

**आरोपियों द्वारा वारदात का तरीका**

मुल्जिमान मूल रूप से गुजरात राज्य के निवासी है। जिन्होंने गुजरात, पंजाब, राजस्थान के अलग-अलग जगहों के आधार कार्ड बनवा रखे है। गिरोह के सदस्य आबादी क्षेत्र से बाहर खाली जगहों में सपरिवार रहकर शहरों के बस अड्डो पर जाकर ग्रामीण महिलाओं को अपनी बातों में लेकर कागज काटकर पैसों की गड्डी बनाकर पैसों का लालच देकर चोरी/ठगी की वारदातें करते है।

**पुलिस टीम की रही भूमिका**

ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ने में सर्व श्री रामेश्वरलाल सउनि, राजकुमार सिहाग एचसी 131, मदनलाल एचसी 138, अरविन्द सिहाग कानि0 716, रोशन कानि0 852 व श्रीमती केलम मकानि0 1312 तथा प्रिंस सिहाग एफसी 131 एवं अरविन्द सिहाग कानि0 716 की रही विशेष भूमिका।

# बकाया भुगतान व अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ, हनुमानगढ़ ने अधीक्षण अभियंता, जोधपुर डिस्कॉम, हनुमानगढ़ को श्रमिकों के बकाया भुगतान एवं अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा। संगठन ने ज्ञापन में बताया कि हनुमानगढ़ वृत्त में पूरे निगम में सर्वाधिक 218 प्रकरण लंबित हैं, जो उपार्जित अवकाश भुगतान से संबंधित हैं। इनका शीघ्र निस्तारण आवश्यक है। संगठन ने यात्रा भत्ते के लंबित भुगतान को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि मई 2024 से लगभग 2.25 करोड़ रुपये का भुगतान बकाया है, जो पूरे निगम में सर्वाधिक है। इस स्थिति को श्रमिकों के लिए अत्यधिक चिंता का विषय बताया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि रीडिंग कार्य में समानता नहीं बरती जा रही है। कुछ कर्मचारियों पर अधिक उपभोक्ताओं की रीडिंग का दबाव डाला जा रहा है, जबकि कुछ को बहुत कम उपभोक्ताओं की रीडिंग करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। इससे प्रभावित कर्मी मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। श्रमिक संघ ने इस असमानता को दूर करने की मांग की। संघ ने बताया कि 33/11 केवी सबस्टेशनों पर कर्मचारियों से ड्यूटी के साथ-साथ अतिरिक्त रूप से रीडिंग कार्य भी करवाया जा रहा है। इसके लिए उन्हें ओवरटाइम भत्ता दिए जाने की मांग की गई। इसके अलावा, हनुमानगढ़ वृत्त के कई सबस्टेशनों पर वीसीबी / ब्रेकर खराब पड़े हैं, जिससे कर्मचारियों को कार्य करने में परेशानी के साथ-साथ विद्युत दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। ज्ञापन में एक अन्य गंभीर समस्या का उल्लेख किया गया कि कई 33/11 केवी सबस्टेशनों के यार्ड में जलभराव की समस्या बनी हुई है। इससे विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। श्रमिक संघ ने इस समस्या का समाधान शीघ्र कराने की मांग की। संगठन ने यह भी बताया कि 33/11 केवी सबस्टेशन और एफआरटी पर पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की जा रही है, जिससे अतिरिक्त कार्यभार बढ़ रहा है। इससे न केवल निगम पर अनावश्यक वित्तीय भार पड़ रहा है बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा को भी खतरा हो रहा है। श्रमिक संघ ने निगम प्रशासन से मांग की है कि होली से पहले सभी बकाया भुगतानों का निस्तारण किया जाए और संगठन के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर अन्य समस्याओं का समाधान किया जाए। अन्यथा, संघ को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।



जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# महात्मा गांधी विद्यालय में खिलौने गिफ्ट हैम्पर बांटे

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** महात्मा गाँधी विद्यालय पुलिस लाईन में मुख्य अतिथि भामाशाह विनोद नागपाल प्रोपराईटर सोहम इंवेस्टमेंट एण्ड इंश्योरेंस सोल्यूशंस के द्वारा विद्यालय में 55 सदाबहार के पौधे लगाए तथा विद्यालय का बालवाटिका के बच्चों को खिलौने गिफ्ट हैम्पर वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या रिम्पा तलवार ने की। विशिष्ठ अतिथि जगीरचन्द फरमा, मनीराम सेतिया, इन्दूभूषण चावला, राजेन्द्र आर्य थे। कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग सविता, सुमन, प्रकाश कौर, ममता, सुमन, मोहम्मद सफी, अर्जुन चौहान, पवन गोदारा, आयुष, हिमांशु, अमन कुमार, मनीष, गोल्डी पाहूजा, लक्ष्य, युवराज व विद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थियों का रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया।



प्रधानाचार्या रिम्पा तलवार ने विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि विनोद नागपाल द्वारा विद्यालय में 55 सदाबहार के पौधे लगाने एवं बच्चों को गिफ्ट हैम्पर देने पर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए व पर्यावरण का इस धरती के समस्त प्राकृतिक परिवेश से घनिष्ठ संबंध है पर्यावरण संरक्षण से ही धरती पर जीवन का संरक्षण हो सकता है।

विनोद नागपाल ने पर्यावरण के प्रति जन-जन को जाग्रत करने की अपील की। पर्यावरण संरक्षण किसी एक व्यक्ति या एक देश का काम न होकर समस्त विश्व के लोगों का कर्त्तव्य है। वृक्षारोपण व जलवायु एवं स्वच्छीकरण पर पूरा ध्यान रखा जावे तभी पर्यावरण सुरक्षित रह सकता है।

मनीराम सेतिया ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहन देने हेतु लोगों को वृक्षों से होने वाले लाभ से अवगत करवाकर पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना होगा।

जगीरचन्द फरमा ने कहा कि जीवन के लिए शुद्ध हवा-पानी अति आवश्यक है इसके लिए हमें शुद्ध वातावरण तैयार करना होगा जो केवल मात्र स्वच्छ पर्यावरण से ही संभव है। उन्होंने विनोद नागपाल द्वारा विद्यालय परिसर में पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण के कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# आगजनी पर वैश्य महासम्मेलन ने की कार्रवाई की मांग



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, जिला इकाई हनुमानगढ़ ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए शहर में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन ने ज्ञापन में बताया कि हनुमानगढ़ टाउन के प्रतिष्ठित व्यापारी राजेंद्र ग्रोवर की इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में दो दिन पूर्व आगजनी की गंभीर घटना हुई थी, जिसमें लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर नष्ट हो गया। इस घटना ने न केवल व्यापारियों बल्कि आम नागरिकों में भी असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह घटना सिर्फ एक दुर्घटना नहीं लगती, बल्कि इसमें किसी षड्यंत्र की आशंका भी हो सकती है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच करवाकर इस घटना में संलिप्त समस्त दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र और सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो व्यापारियों के साथ-साथ शहर के अन्य संगठनों को भी आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष बालकृष्ण गोल्याण और युवा इकाई के जिला अध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने कहा कि हनुमानगढ़ में हाल के दिनों में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। व्यापारियों और आमजन की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को गंभीरता दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते अपराधियों पर लगाम नहीं लगाई गई, तो इससे व्यापारिक माहौल भी प्रभावित होगा और जनता में भय का माहौल बना रहेगा। संगठन ने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि इस मामले की गहनता से जांच की जाए और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# किसानों के हित में सदैव तत्पर : गौतम कुमार

## किसान 1 अप्रेल से करवा सकेंगे पंजीकरण, 10 अप्रेल से शुरू होगी खरीद : सहकारिता मंत्री

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में सदैव तत्पर है एवं आगामी रबी सीजन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर सरसों तथा चना की खरीद के लिए सभी तैयारियां आरंभ की जा चुकी हैं। दक ने बताया कि इस वर्ष राज्य में सरसों का लगभग 62 मैट्रिक टन एवं चने का लगभग 23 लाख मैट्रिक टन उत्पादन संभावित है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राज्य में सरसों की 13.89 लाख मैट्रिक टन एवं चने की 6.30 लाख मैट्रिक टन खरीद किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना के विक्रय हेतु किसान 1 अप्रेल से ई-मित्र के माध्यम से पंजीयन करवा सकेंगे। जबकि, खरीद का कार्य 10 अप्रेल से आरंभ होगा। पंजीयन के लिए किसानों को गिरदावरी एवं पासबुक आवश्यक रूप से पंजीयन फॉर्म के साथ अपलोड करनी होगी। समर्थन मूल्य पर खरीद बायोमीट्रिक अभिप्रमाणन के आधार पर की जाएगी।



सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस वर्ष राज्य में नोडल एजेंसी नैफेड के साथ-साथ एनसीसीएफ द्वारा भी दलहन-तिलहन की खरीद का कार्य राजफैड के माध्यम से कराया जाना है। इसके लिए सरसों एवं चने हेतु एनसीसीएफ को 217-217 एवं नैफेड को 288-288 क्रय केन्द्र स्वीकृत किये गए हैं। इस प्रकार, राज्य में सरसों एवं चने के कुल 505-505 क्रय केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी जिलेवार सूची जारी कर दी गई है।

दक ने बताया कि एनसीसीएफ द्वारा राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर, जोधपुर, बीकानेर एवं कोटा के 19 जिलों में तथा नैफेड द्वारा राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर, उदयपुर, श्रीगंगानगर एवं भरतपुर क्षेत्र के 21 जिलों में खरीद कार्य करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा आगामी सीजन हेतु सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल एवं चने का समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि किसान पूर्व की भांति एफएक्यू गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप अपनी फसल क्षेत्र की क्रय-विक्रय अथवा ग्राम सेवा सहकारी समिति केन्द्र पर विक्रय कर सकेंगे। किसान भाइयों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए राजफैड में कॉल सेन्टर 18001806001 स्थापित किया गया है। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया कि वे अपनी फसल को साफ-सुथरा कर तथा छानकर क्रय केन्द्रों पर लाएं ताकि गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप जिंस विक्रय कर सकें।

# किशन शर्मा के पैंशनर समाज के जिलाध्यक्ष बनने पर अभिनन्दन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्योजीराम केसरदेवी गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. गोयल, डॉ. शैलेष गोयल, डॉ. राजेन्द्र सारड़ीवाल एवं गोयल परिवार द्वारा किशन शर्मा के पैंशनर समाज के जिलाध्यक्ष बनने पर अपने निवास पर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. ओ.पी. गोयल ने किशन शर्मा द्वारा पैंशनर्स वैलफेयर के लिए किए जा रहे कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री शर्मा प्रत्येक पैंशनर्स को पेश आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं तथा राज्य सरकार व पैंशन विभाग द्वारा पैंशनर्स के लिए जारी किए जाने वाले दिशा-निर्देशों व योजनाओं को प्रत्येक पैंशनर तक पहुँचाने के लिए भरसक प्रयत्न करते हैं।



# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

मुंबई। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।



# समीरा

## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।



# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

मुंबई। कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

मुंबई। सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।



# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

## सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी



नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जानती हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।

# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

नई दिल्ली। रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।



*रेखा को किया साइन :* रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल

## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

नई दिल्ली। नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।

### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआईआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की



को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर

*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*



**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थीं।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

# स्वर्णिम युग की ओर ब्रह्म चेतना से अनुप्राणित साधक ही चरैवेति का उद्घोष कर स्वर्णिम युग में प्रवेश पाता है

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा ब्रह्म ज्ञान से दीक्षित संकल्पवान सृजन साधकों के लिए स्थानीय अमर पैलेस में स्वर्णिम युग की ओर नामक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की ओर से श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी नरेंद्रानंद जी ने उपस्थित साधक जनों को आध्यात्मिक प्रवचनों से लाभान्वित किया। उन्होंने एक साधक के गुणों का व्याख्यान करते हुए कहा कि एक साधारण मनुष्य साधक की उपाधि को तभी प्राप्त करता है जब वह अहंकार रहित भाव से श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ संत की शरणागति होकर उनसे ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्राप्त करके निरंतर गुरू आज्ञा में रहते हुए ध्यान साधना की गहराइयों में उस परमात्मा के प्रकाश स्वरूप से जुड़ता है। स्वामी जी ने आगे विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि सहजता से ही अग्नि का संग करने से उष्णता प्राप्त होती है और जल का संग करने से शीतलता मिलती है इसी प्रकार एक पूर्ण गुरू का संग करने से जो सद्गुण हमारे व्यक्तित्व में प्रकट होते हैं वे ही साधक के ऐसे गुण हैं जो हमारे जीवन को मूल्यवान और विलक्षण बनाते हैं। मिट्टी में शीतलता के गुण तभी आते हैं जब वह कुम्हार के हाथों में आकार लेकर अग्नि में तपाई जाती है इसी प्रकार हमारे भीतर भी साधक के गुण एक गहन प्रक्रिया से गुज़रने के दौरान ही प्रकट होते हैं। प्रेम, धैर्य, संयम, पवित्रता, सहिष्णुता और विनम्रता जैसे आभूषणों से गुरू अपने साधक का श्रृंगार करते हैं। ये गुण स्वतः ही एक साधक के आचरण में उतर जाते हैं उसके लिए उसे कुछ अन्यथा प्रयास नहीं करना पड़ता । केवल मन, वचन, कर्म से गुरु के श्री चरणों में समर्पण करके निरंतर गुरू आज्ञा में चलते रहना है। जब एक साधक निरंतर ध्यान साधना करता है तब गुरू उसके प्रारब्ध और संचित कर्मों पर कार्य करता है। गुरू अपने साधक के पुरुषार्थ को आधार बनाकर उसके सभी संचित कर्मों को नष्ट कर देता है और उसके प्रारब्ध की पीड़ाओं को कम करने के लिए उसे सेवा कार्य में लगाता है। विनम्रता का गुण तो साधक के भीतर उसी क्षण प्रकट हो जाता है जब वह अपना अहंकार त्यागकर गुरु की शरण में आता है। गुरू उसके व्यवहार में विपरीत परिस्थितियों के द्वारा धैर्य का गुण भरते हैं। अपने मन और बुद्धि का त्याग करके गुरु आज्ञा में चलते हुए एक साधक संयम का गुण धारण करता है और गुरु के तपोबल की दिव्य तरंगों का स्पर्श प्राप्त करके साधक का संपूर्ण जीवन पवित्र एवं पावन हो जाता है। यह गुरू के संग की महिमा है कि वह काक प्रवृत्ति से हंस प्रवृत्ति बनाने में सदैव सामर्थ्यवान हैं। सत्संग कार्यक्रम में साध्वी ऋचा भारती, भाव अर्चना भारती व चित्रा भारती ने सुमधुर भजनों का गायन करके समस्त साधक वर्ग को कृतार्थ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ।





## सहकारी बैंक का शाखा प्रबंधक निलंबित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले के जैतसर कस्बे में एक बड़ा बैंकिंग घोटाला सामने आया है। 2 जीबी ग्राम सेवा सहकारी समिति और 3 जीबी मिनी बैंक में 9 करोड़ रुपए के गबन के मामले में कार्रवाई की गई है। श्रीगंगानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय गर्ग ने जैतसर शाखा के प्रबंधक हरकेश मीणा को निलंबित कर दिया है। जांच में पाया गया कि मीणा ने अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया। इस लापरवाही के कारण गबन की जांच प्रभावित हुई। निलंबन आदेश के बाद हरकेश मीणा को श्रीगंगानगर स्थित बैंक के प्रशासनिक कार्यालय में तैनात किया गया है। इस घोटाले से लगभग साढ़े चार सौ बैंक उपभोक्ताओं को सीधा नुकसान हुआ है। मामला इतना गंभीर था कि प्रभावित उपभोक्ता विरोध में पानी की टंकी पर चढ़ गए थे। इसके बाद हुए समझौते में लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान किया गया था। यह मामला विधानसभा तक पहुंचा, जहां स्थानीय विधायक ने इस गबन को लेकर ध्यान आकर्षित किया। मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई जांच के नतीजों पर निर्भर करेगी।

## आवारा पशुओं को लेकर नगर परिषद सख्त

जनमार्ग न्यूज

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ में आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलवाने के लिए नगर परिषद द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। नगर परिषद के द्वारा आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भिजवाया जा रहा है। नगर परिषद के आयुक्त लाजपत बिश्नोई ने बताया कि अगर कोई पशुपालक अपने पालतू पशुओं को गलियों में घूमने के लिए छोड़ता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पशुओं को जब्त कर लिया जाएगा और पशुपालकों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर को आवारा पशुओं की समस्या से मुक्त करने के लिए नगर परिषद के द्वारा विशेष अभियान भी शुरू किया गया है। एसआई कपिल जावा ने बताया कि इसी अभियान के तहत आज नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा वार्ड नंबर 13, वार्ड नंबर 14, एसडीएम कार्यालय के पास और एडीएम कार्यालय के पास से कुल 33 आवारा पशुओं को पकड़ कर प्रेम नगर के पास स्थित राजस्थान गौ सेवा संघ गौशाला में भिजवाया गया है। उन्होंने बताया कि गौशाला संचालकों को पाबंद किया गया है कि गौशाला में रह रहे पशुओं को बाहर न छोड़ा जाए अगर कोई भी गौशाला ऐसा करती है तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



## चौकी इंचार्ज को जान से मारने की धमकी

**सिरसा।** सिरसा शहर में बनी सब्जी मंडी चौकी के इंचार्ज को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने चौकी इंचार्ज की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोप है कि युवक ने चौकी इंचार्ज को गोली मारने की धमकी दी। पुलिस को दी शिकायत में सब्जी मंडी चौकी इंचार्ज गुरमेश ने बताया है कि वह 18 मार्च को लेडी हेड कॉन्स्टेबल रितु रानी, सिपाही सुनीता रानी, सिपाही नीतू, सिपाही सुमन, एसपीओ कविता और शकुंतला के साथ शहर में पैदल मार्च निकाल रहे थे।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

## भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने कोठा पक्की में ट्रेनों के ठहराव की मांग की

### अमृतसर व व्यास जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पंचायत समिति पूर्व प्रधान आत्माराम तरड़ ने केन्द्र सरकार से कोठा पक्की में ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। श्री तरड़ ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को भेजे पत्र में लिखा है कि तहसील सादुलशहर स्थित कोठा पक्की रेलवे स्टेशन में गाड़ी संख्या 14527-14528 बठिंडा से श्रीगंगानगर के लिए सांय 5.15 बजे रवाना होती है तथा श्रीगंगानगर से बठिंडा के लिए रात्रि 8.00 बजे चलती है। उन्होंने कहा कि दूसरी ट्रेन गाड़ी संख्या 14601 फिरोजपुर से हनुमानगढ़ सुबह 8.00 बजे आती है एवं गाड़ी संख्या 14602 दोपहर 12.25 बजे श्रीगंगानगर से फिरोजपुर के लिए जाती है। इस ट्रेन से अमृतसर व व्यास की संगत जाती है, परन्तु इन दोनों ही ट्रेनों का ठहराव कोठा पक्की स्टेशन पर नहीं है। पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड़ ने केन्द्रीय रेल मंत्री व केंद्रीय रेल राज्य मंत्री से मांग की है कि इन दोनों ट्रेन का ठहराव कोठा पक्की स्टेशन पर करवाया जाए, ताकि स्थानीय जनता तथा श्रद्धालुओं को अमृतसर व व्यास जाने की सीधी सुविधा मिल सके।



## शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर हुई चर्चा



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर श्रीगंगानगर में हित चिंतक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिवप्रसाद थे तथा अध्यक्षता अमरचंद बोरड़ ने की। बैठक में आदर्श विद्या मंदिर में बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने पर बुद्धिजीवी व्यक्तियों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता शिव प्रसाद ने कहा कि सन् 2000 के बाद में शिक्षा जगत में विमर्श का संकट आ गया था। बालक की प्रारंभिक शिक्षा हिंदी मातृभाषा में ही होनी चाहिए। कॉन्वेंट स्कूलों ने अभिभावकों को लूटने का काम शुरू कर रखा है। तीन साल के बच्चे को 5 किलो का बैग उठाने पर मजबूर कर देते हैं, जिससे बच्चे का शारीरिक व मानसिक शोषण होता है। व्यवस्थापक सुरेन्द्र चनाणी ने बताया कि वक्ताओं ने भारत को जानो प्रतियोगिता में भैया-बहिनों को भाग दिलाने, अभिभावकों से सतत् सम्पर्क में रहने, बच्चों को मेधावी बनाने के लिए योगासन करवाने सहित बच्चों को संस्कारवान बनाने व सर्वांगीण उत्थान के लिए आदर्श विद्या मंदिर द्वारा दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान के सम्बन्ध में सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर विद्या भारती जिलाध्यक्ष हरिओम सिंगल, जिला व्यवस्थापक अशोक अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी, जिला सचिव मदन बिश्नोई, उपाध्यक्ष रामप्रताप चांदोरा, व्यवस्थापक सुरेन्द्र चनाणी, प्रधानाचार्य गीता सामंत, जितेंद्र गर्ग, एलआईसी से सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण अग्रवाल, डॉ. दर्शन आहुजा, प्रमोद चौहान, टी.सी. तायल, संजीव सिंघल, विजय जिंदल, सीए पवन अग्रवाल, दयानंद शर्मा, बलराम वर्मा, नवल शर्मा, शीशपाल टाक, सुभाष गोयल, उदिता पेड़ीवाल, ममता गुप्ता, राजाराम, देवेंद्र वर्मा, विजय बिरथलिया, संजय पेड़ीवाल, संतोष विजयवर्गीय, गुरजंट सिंह, हरभजन सिंह सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य, अभिभावक एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## मूकबधिर बालिका से बलात्कार, प्रेग्नेंट होने पर चला पता

जनमार्ग न्यूज

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में एक मूकबधिर नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोपी को कोर्ट ने अंतिम सांस तक कठोर आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो नंबर-2 में न्यायाधीश शिल्पा समीर ने आरोपी को सजा सुनाई है। विशिष्ट लोक अभियोजक पंकज यादव ने बताया कि पीड़िता का परिवार बिहार का रहने वाला है। उसके पिता की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। पीड़िता की मां एमआईए में मजदूरी का काम करती है। जिस मकान में पीड़िता अपनी मां के साथ रही रही थी, उसमें आरोपी पिनान निवासी युवक राहुल रह रहा था।

## स्टेशन पर दिव्यांग लड़की का हंगामा

जनमार्ग न्यूज

**फाजिल्का।** जिले के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक दिव्यांग लड़की द्वारा हंगामा किया गया। हालांकि पहले लड़की रेलवे स्टेशन से बाहर निकली और ऑटो के पीछे भागने लगी। जोर-जोर से चीखने की आवाज सुन इलाके की महिलाएं इकट्ठा हुई, जिन्होंने उसे पकड़ लिया और बाद में पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि फिरोजपुर से आई रेलगाड़ी से उक्त लड़की उतरती है द्य जिसके बाद अचानक वह रेलवे स्टेशन से बाहर की ओर भागती है और ऑटो के पीछे भागना शुरू कर देती है। वहीं जोर-जोर से चीखने लगती है, आवाज सुनकर रोड पर कपड़े बेच रही महिलाएं इकट्ठा हुई और उसे पकड़ लिया, जिसे वापस रेलवे स्टेशन पर लाया गया। उन्हें शक है कि शायद उसे कोई छोड़कर चला गया है। वहीं महिलाओं ने लड़की से कई बार पता पूछने का प्रयास किया और कॉपी पेन देकर लिखने के भी बोला, लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे पाती, क्योंकि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। जिसके बाद रेलवे स्टेशन पर भी उसके द्वारा जमकर हंगामा किया गया और वह जोरदार चीखने लगी। आखिरकार महिला पुलिसकर्मियों को बुलाकर लड़की को उनके हवाले कर दिया गया है।बताया जा रहा है कि उक्त लड़की का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, जो जलालाबाद से रेलगाड़ी पर सवार होकर फाजिल्का आ गई है, जिसके साथ कोई भी नहीं है। फिलहाल पुलिस द्वारा उसके पारिवारिक सदस्यों की तलाश शुरू उन तक संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उक्त लड़की को उनके हवाले किया जा सके।

## हेरोइन के साथ दो तस्कर दबोचे

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ के नोहर में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो तस्करों को 10 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। हनुमानगढ़ एसपी अरशद अली के निर्देश में चलाए जा रहे जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। नोहर सेक्टर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकंवर और वृताधिकारी ईश्वर सिंह के सुपरविजन में टीम ने डीएसटी सेक्टर नोहर के सहयोग से यह सफलता हासिल की।

## एक रात में दो पिकअप से टायर चोरी

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ के भादरा कस्बे में चोरों ने एक ही रात में दो पिकअप गाड़ियों के टायर चुरा लिए। एक वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पहली वारदात में अरुण वाल्मीकि की पिकअप गाड़ी (नंबर एचआर 39 ई 8958) से दो टायर चोरी हुए। गाड़ी वाल्मीकि चौक के पास खड़ी थी। 14-15 मार्च की रात करीब 1.59 बजे डब्बा पिकअप में सवार चोर गाड़ी के पिछले दो टायर लेकर फरार हो गए। सुबह जब अरुण गाड़ी के पास पहुंचा तो टायर गायब थे। पड़ोस की दुकान के सीसीटीवी फुटेज में चोरी की पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। इसी रात दूसरी वारदात में चोर सुभाष चंद्र की पिकअप (नंबर एचआर 38 एक्स 1702) के ड्राइवर साइड के दोनों टायर चुरा ले गए। यह गाड़ी फार्मट्रेक एजेंसी भादरा के सामने खड़ी थी। भादरा पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जिम्मेदारी हेड कॉन्स्टेबल जगदीश को सौंपी गई है।

## होली स्नेह मिलन समारोह एवं आमसभा आयोजित

### सामाजिक समरसता का दिया संदेश तथा बैसाखी पर्व कार्यक्रम की तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान खत्री सेवा समिति द्वारा रविवार को होली स्नेह मिलन समारोह एवं आमसभा का आयोजन किया गया। एच ब्लॉक स्थित खत्री सभा भवन में अध्यक्ष विनोद सेठी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया। आमसभा में समिति की आगामी गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों तथा बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैसाखी पर्व कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। सदस्यों ने कहा कि राजस्थान खत्री सभा का हाल एवं इसके ऊपर चार कमरे बहुत सुंदर तरीके से बने हुए हैं, जिसका लाभ शहरवासियों द्वारा प्राप्त किया जा रहा है। शहरवासियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए खत्री भवन को और अधिक भव्य बनाने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महासचिव राजीव लड़ोईया, सचिव पंकज चड्ढा, कोषाध्यक्ष सोमनाथ विग आदि वक्ताओं ने बैसाखी पर्व कार्यक्रम की रूपरेखा के सम्बन्ध में अपने महत्वपूर्ण विचार रखे तथा समाज की एकता पर बल देते हुए समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाजबंधुओं से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। सभी ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ?र सहयोग देने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद कुमार सेठी, महासचिव राजीव लड़ोईया, सचिव पंकज चड्ढा, डायरेक्टर ऑफ कम्युनिटी ऋषि बधवार, आईटी सेल प्रभारी राजेन्द्र खन्ना, विजय भोला, प्रवीण कोहली, लक्की बहल, मूलचन्द शमा, दीपक सेठी, विजय टंडन सहित राजस्थान खत्री सेवा समिति, श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष सोमनाथ विग ने सफल आयोजन के लिए समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## डेढ़ लाख का लालच देकर युवक की उंगली काटी

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** हनुमानगढ़ में कुछ बदमाशों ने कापे से वार कर युवक की उंगली काट दी। इसके बाद खुद ही युवक को अस्पताल ले जाकर भर्ती करवा दिया। इस संबंध में नोहर पुलिस थाना में चार व्यक्तियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया है। जानकारी के अनुसार मुस्ताक खां (25) पुत्र हाकम अली निवासी वार्ड 37, नोहर ने रिपोर्ट के जरिए मुकदमा दर्ज करवाया कि वह मुल्तानी ईंट भट्ठा पर मजदूरी करता है। 15 मार्च की रात करीब 8 बजे वह ईंट भट्ठा से वापस अपने घर आ रहा था। रास्ते में अमजद पुत्र हाकम निवासी नोहर अपनी मोटर साइकिल लेकर आया व कहा कि उससे काम है। वह उसके साथ घर चले। तब वह अमजद के साथ उसके घर गया। जहां पर पहले से इमरान पुत्र मकबूल, फिरोज पुत्र गफूरदीन, जावेद उर्फ धोलू पुत्र सलामू निवासी नोहर बैठे हुए थे। इन चारों ने उसे बताया कि उन्होंने आज करीब साढ़े 7 बजे लड़ाई करते हुए मकबूल व उसके भाइयों के साथ मारपीट की है। उनके किसी के भी चोट नहीं लगी। वे उसके चोट मार देते हैं। वह मकबूल वगैरा के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवा दे। इसके बदले में वे उसका मकान बनवा देंगे। वह यूं ही मजदूरी करता फिरता है। वे उसे डेढ़ लाख रुपए देकर मदद कर देंगे। रुपयों का लालच देकर अमजद व फिरोज ने उसका दाहिना हाथ बैड के पाये रखा और इमरान ने उसके हाथ की बीच की उंगली कापा से काट दी। जावेद ने आंख पर हाथ रख लिया। इसके बाद वे उसे हॉस्पिटल लेकर गए। अमजद व यूसुफ निवासी फेफाना उसे हनुमानगढ़ लेकर गए व अस्पताल में भर्ती करवाया। उसके साले गुल्फान ने पूछा तो उसने हनुमानगढ़ होने व उंगली काटने की बात बताई। उसके साले ने उसके भाइयों को इस बारे में बताया। इस पर उसके भाई फारुक, जाकिर, सलीम पुत्र बशीर, रियासत अली पुत्र जलाल, आसिफ पुत्र सादक हनुमानगढ़ अस्पताल आए। तब अमजद व यूसुफ भाग गए। उसके भाई उसे नोहर लेकर गए व नोहर अस्पताल में भर्ती करवाया। मुस्ताक खां के अनुसार अमजद, इमरान, जावेद व फिरोज ने उसे रुपयों का लालच देकर झूठा मुकदमा दर्ज करवाने के लिए उसकी उंगली को काट दिया।



## पाक ड्रोन के साथ तस्कर गिरफ्तार, खेप ढूंढने में जुटी पुलिस-बीएसएफ

जनमार्ग न्यूज

**फाजिल्का।** फाजिल्का जिले में बीएसएफ और स्टेट स्पेशल सेल पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। संयुक्त तौर पर की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से पुलिस ने पाकिस्तान से आया ड्रोन बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हेरोइन और हथियारों की खेप मंगवा कर उसे आगे सप्लाई का काम करता है। जानकारी के अनुसार फाजिल्का के स्टेट स्पेशल सेल पुलिस टीम और बीएसएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई को अंजाम देते हुए सफलता हासिल की है। दरअसल गुप्त सूचना मिली थी कि फाजिल्का के गांव गुलाब वाला झुग्गे का रहने वाला जोगिंदर सिंह नामक व्यक्ति पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हेरोइन और हथियारों की खेप मंगवाने का आदी है, जिसे आगे भारतीय तस्करों को सप्लाई करता है और कुछ दिन पहले उसके द्वारा यह खेप मंगवाई गई। उसके द्वारा खेप आगे सप्लाई कर दी गई, लेकिन ड्रोन किसी तकनीकी खामी के चलते भारत की तरफ गिर गया, जो उसने उठाकर अपने पास छुपा कर रखा हुआ है। पुलिस और बीएसएफ ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी जोगिंदर सिंह पुत्र करतार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से पाकिस्तान से आया ड्रोन भी बरामद कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी को कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई करते हुए उसे रिमांड पर लिया जाएगा।



## माता टीला डैम में नाव पलटी, 7 लापता

शिवपुरी (जनमार्ग न्यूज)। शिवपुरी के खनियाधाना थाना क्षेत्र के माता टीला डैम में मंगलवार को श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई। तीन महिलाओं और चार बच्चों समेत कुल सात लोग लापता हैं। आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। खनियाधाना थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बुधवार सुबह बताया कि रातभर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। अभी तक कोई भी शव बरामद नहीं किया गया है। रेस्क्यू टीम लापता लोगों की तलाश में जुटी है। रजावन गांव के 15 लोग मंगलवार शाम 4.45 बजे नाव से डैम के बीच बने टापू पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर होली की फाग के लिए जा रहे थे। मंदिर तक पहुंचने से पहले ही नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। नाव में सवार सभी लोग डूबने लगे। स्थानीय ग्रामीणों ने 8 लोगों को बचा लिया। वहीं, तीन महिलाओं और चार बच्चों का अब तक कोई पता नहीं चला है।

# बीकानेर में सबसे ज्यादा जीबीएस सिंड्रोम के केस

## ❑ पहले इंफेक्शन और बाद में नर्व सिस्टम पर वायरस करने लगता है अटैक

जनमार्ग न्यूज



**बीकानेर।** राजस्थान में गुलियन बैरी सिंड्रोम (जीबीएस) का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। अकेले बीकानेर में हर महीने तीस से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से जुड़े पीबीएम अस्पताल में हर रोज औसतन एक जीबीएस पीड़ित को भर्ती करना पड़ रहा है। अकेले न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में नवम्बर 2024 से अब तक 43 जीबीएस रोगी गंभीर अवस्था में भर्ती हो चुके हैं। इसमें कुछ की मौत हो गई। वहीं मेडिसिन डिपार्टमेंट के आंकड़े इससे भी ज्यादा चिंताजनक है। मेडिकल आईसीयू में हर रोज एक जीबीएस रोगी गंभीर अवस्था में भर्ती हो रहा है। हर चौथे रोगी की मौत भी हो रही है। न सिर्फ बीकानेर बल्कि पूरे राजस्थान में जीबीएस रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी के बाद हेल्थ डिपार्टमेंट एक्टिव मोड पर है। नवम्बर में सात, दिसम्बर में आठ, जनवरी में नौ, फरवरी में छह रोगी आए थे लेकिन अकेले मार्च में जीबीएस के तेरह रोगी भर्ती हो चुके हैं। औसतन हर रोज एक नया रोगी पीबीएम अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में भर्ती हो रहा है। मार्च महीने में जीबीएस के कारण पोस्ट कोरोना वार्ड में मेडिसिन युनिट में भर्ती एक महिला की मृत्यु हो चुकी है। ये पेरिफेरल नर्व सिस्टम का रोग है। हमारे शरीर का तंत्रिका सिस्टम इससे प्रभावित होता है। ब्रेन और स्पाइनल कोड से बाहर निकलने वाली तंत्रिकाओं पर एक ऑटो इम्यून अटैक होता है। किसी को एक सप्ताह पहले वायरल इन्फेक्शन होता है, उस दौरान बनने वाली एंटी बॉडीज गलती से नर्व सिस्टम पर ही अटैक करना शुरू कर देती है। स्पाइनल कोड से निकलने वाली तंत्रिकाओं पर ही ये एंटी बॉडीज हमला करती है। इससे तंत्रिकाएं कमजोर होने लगती है। ऐसे में हाथ और पैर में दर्द शुरू हो जाता है। अधिकांश रोगियों के पैर दर्द शुरू होते हैं और वहां से ऊपर की ओर बढ़ता जाता है। नर्व सिस्टम गले तक खराब हो जाता है। पैरों में लकवा आने और गले से आवाज नहीं आने की स्थिति बन जाती है। तेज गति से बढ़ने वाली ये बीमारी खतरनाक रूप ले लेती है।

## नागपुर हिंसा के पीछे के मास्टरमाइंड को पुलिस ने किया अरेस्ट

जनमार्ग न्यूज

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में भड़की हिंसा के पीछे मास्टरमाइंड को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। नागपुर के महाल इलाके में तोड़फोड़ के बाद आगजनी हुई थी। इसके बाद सीएम फडणवीस ने पुलिस को कड़े कदम उठाने के लिए कहा था। पुलिस ने जिस शख्स को अरेस्ट किया है। उसका नाम फहीम शमीम खान है। यह भी सामने आया है कि नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड के तौर गिरफ्तार किए फहीम खान ने 2024 में बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। नागपुर में 17 मार्च को हिंसा भड़की थी। तब यह माना गया था कि हिंसा औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए तनाव के बाद हुई लेकिन नागपुर के पुलिस आयुक्त ने कहा था कि एक फोटो जलाने के बाद यह घटना हुई। नागपुर शहर पुलिस ने हिंसा और दंगे के मास्टरमाइंड फहीम खान को अरेस्ट करने के बा बुधवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने 21 मार्च तक के लिए फहीम खान को पुलिस कस्टडी में भेज दिया। जानकारी के अनुसार फहीम खान माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) का स्थानीय नेता है। जिसकी पहचान 17 मार्च को शहर में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के कथित मास्टरमाइंड के रूप में की गई है, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। खान का नाम गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में जोड़ा गया है। इससे पहले दिन में पुलिस ने उनकी तस्वीर जारी की थी और एक वीडियो भी सामने आया था जिसमें हिंसा भड़कने से कुछ क्षण पहले खान कथित तौर पर भड़काऊ भाषण दे रहा था। नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड के तौर अरेस्ट फहीद खान की उम्र 38 साल है। वह एमडीपी के शहर अध्यक्ष है। खान यशोधरा नगर में संजय बाग कॉलोनी के निवासी है। नागपुर में भड़की हिंसा में पथराव होने से 34 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

# घुसपैठ से जुड़े मामले में एनआईए का बड़ा एक्शन

## जम्मू में 12 जगहों पर छापेमारी

जनमार्ग न्यूज

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। जम्मू की 12 जगहों पर तलाशी अभियान चल रहा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी सीमापार से आतंकवादियों की घुसपैठ से संबंधित मामलों के सिलसिले में छापेमारी कर रही है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि खुफिया इनपुट के आधार पर सुबह से ही पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मिलकर छापेमारी की जा रही है। ओवरग्राउंड वर्कर्स और हाइब्रिड आतंकवादियों के ठिकानों पर छापा मारा है। समर्थकों और कार्यकर्ताओं के परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। वहीं दूसरी तरफ एनआईए ने गृह मंत्रालय के निर्देश पर 24 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के जरिए भारतीय क्षेत्र में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े सक्रिय आतंकवादियों की घुसपैठ के संबंध में सूचना के आधार पर मामला दर्ज किया था।

# अनुपम धींगड़ा बालिका स्कूल में साईकिल व चश्मों का वितरण

## रश्मि बिहाणी ने किया नव-निर्मित पथ और लाईब्रेरी कक्ष का लोकार्पण

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** राज्य सरकार की ओर से निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत पुरानी आबादी स्थित अनुपम धीगड़ा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नं. 04 में बुधवार को 66 साईकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती रश्मि बिहाणी ने साईकिलों का वितरण करने के अलावा छात्राओं को निःशुल्क नजर के चश्में भी नेत्र जांच नवाचार के तहत वितरित किए। इस अवसर पर स्काउट की छात्राओं ने मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि बिहाणी को एस्कोर्ट किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि बिहाणी का तिलक लगा के एवं फूल मालाएं तथा श्रीफल भेंट कर एवं शाल ओढ़ा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्रीमती लाजवंती शर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीगंगानगर सुनील भाटिया, श्रीमती सीता स्वामी, पूर्व पार्षद अशोक मेठिया, पार्षद जगदीश घोड़ेला, पूर्व पार्षद नन्दलाल मिड्ढा, संजीव रहेजा, अमित धूड़िया, प्रवीण भटेजा मौजूद थे। इस अवसर पर बच्चो नें रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। श्रीमती रश्मि बिहाणी द्वारा समसा योजनान्तर्गत निर्मित लाईब्रेरी कक्ष तथा विद्यालय में नव-निर्मित पथ का भी लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रधानाचार्य को विद्यालय लाईब्रेरी हेतु भगवत् गीता भेंट की गयी। समस्त स्टाफ को विधायक जयदीप बिहाणी द्वारा प्रिन्ट करवायी गयी गीता-दैनन्दिनी का वितरण किया गया। श्रीमती बिहाणी ने छात्राओं को तीन एस (शिक्षा स्वास्थ्य एवं सफाई) को जीवन में उतारने का आह्वान किया और युवाओं से नशा मुक्त, स्वच्छ एवं आधुनिक गंगानगर के निर्माण हेतु कार्य करने के लिए बच्चों को कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। श्रीमती रश्मि बिहाणी ने स्काउट के सभी बच्चों को पुरस्कार देकर समानित किया।

## वैष्णो देवी मंदिर के भवन में सुरक्षा में सेंध

जनमार्ग न्यूज

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी मंदिर के भवन में एक महिला सुरक्षा जांच को तोड़ते हुए पिस्तौल लेकर पहुंच गई। घटना 14-15 मार्च 2025 की रात की है। महिला की पहचान ज्योति गुप्ता के रूप में हुई है, जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। हथियार का लाइसेंस एक्सपायर हो चुका था। रियासी पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है और हथियार जब्त कर लिया है। कटरा में पुलिस स्टेशन भवन में एफआईआर दर्ज की गई है, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आज पास होगा दिल्ली नगर निगम का बजट

## सदन में हंगामा होने के आसार

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का बजट बुधवार को सदन में पास होगा। इस दौरान विभिन्न मदों में राशि बढ़ाने के साथ-साथ कम भी की जा सकती हैं। आप के वरिष्ठ पार्षद एवं नेता सदन मुकेश गोयल की ओर से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करने की संभावना हैं। इनमें 12 हजार अस्थायी कर्मचारियों को पक्का, 100 गज या इससे छोटे मकानों पर हाउस टैक्स पूरी तरह से माफ करने, 100 से 500 गज के मकानों पर समय से टैक्स जमा करने पर 50 प्रतिशत छूट देने, 1300 रिहायशी सोसायटियों को भी 25 प्रतिशत हाउस टैक्स में छूट देने की घोषणा की जा सकती है। पिछले माह आप पार्षदों ने सदन में इन प्रस्तावों को पास किया था, लेकिन एमसीडी अधिकारियों ने इसे मानने से इंकार कर दिया था। इस संबंध में मुकेश गोयल का कहना है कि बजट में की गई घोषणाओं को लागू करना अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है और वे इसे अमलीजामा पहनाने से इंकार नहीं कर सकते। इसके अलावा मुकेश पिछले एमसीडी चुनाव के दौरान आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से दी गई गारंटियों से संबंधित घोषणाएं भी कर सकते हैं। इनमें सफाई कर्मचारियों और ठेका कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी, कूड़ा निस्तारण में सुधार और एमसीडी के स्कूलों की बेहतरी से जुड़े प्रावधान शामिल हो सकते हैं। इधर, सदन की बैठक में बजट पास करने के दौरान भाजपा और आप पार्षदों के बीच टकराव की संभावना है।

# गुरूवे के वार्षिकोत्सव-प्रतिबिम्ब-रिफ्रेस्ट का आगाज

जनमार्ग न्यूज

**जोधपुर।** सेक्टर 9 चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड स्थित गुरूवे इन्टरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम प्रतिबिम्ब रिफ्रेश्ट का भव्य आगाज शानदार रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ। प्रतिबिम्ब कार्यक्रम को लेकर सभी विद्यालय स्टाफ, बच्चें, अभिभावक बहुत उत्साहित थे। प्रतिबिम्ब कार्यक्रम के बारे में संस्था के डायरेक्टर नितेश सोनी ने बताया कि हमने बच्चों को सिखायी गयी गतिविधियों, बच्चों के टेलेन्ट एवं सभी स्टॉफ की मेहनत को आपके सामने एक प्रतिबिम्ब के रूप में प्रस्तुत किया है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी बहुत आवश्यक होती है। कार्यक्रम का संचालन देश-विदेश में अपनी शाइरी से जोधपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले शायर ?ानी जोधपुरी एवं श्री नितेश कुमार के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती माँ एवं गणेश जी को दीप प्रज्जवलन कर बालक-बालिकाओं द्वारा गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुति के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उसके बाद कक्षा तीसरी की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत पर डांस कर अतिथियों का स्वागत किया गया। प्री-प्राईमरी के बच्चों द्वारा धमाकेदार डांस, लावनी, पुलिस पैरोडी, कश्मीरी डांस एवं पंजाबी डांस की धमाकेदार प्रस्तुतियों से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। कक्षा प्रथम के छात्र-छात्राओं द्वारा पानी बचाओ, जीवन बचाओ पर आधारित डांस एवं अमिताभ बच्चन डांस पैरोडी की शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा पांचवी एवं छठी की बालिकाओं द्वारा गुरू वंदना डांस की प्रस्तुति द्वारा गुरू की महिमा का बखान किया गया। कक्षा दूसरी की छात्राओं द्वारा



गुजराती डांस की प्रस्तुति एवं छात्रों द्वारा गिव मी सनशाईन गाने पर अभिभावकों को एक शानदार संदेश दिया गया। बच्चों द्वारा रामलीला की शानदार प्रस्तुति जिसमें भगवान राम की जीवन कथा को भव्य प्रस्तुति द्वारा बताया गया। प्रस्तुति देखकर सभी ने खड़े होकर भगवान राम के जयकारे लगाए। पूरा माहौल राममय हो गया। कक्षा छठी की छात्रा दीक्षा गिदवानी द्वारा प्यानो की शानदार प्रस्तुति दी गयी। कक्षा पांचवी की छात्राओं द्वारा शिव तांडव डांस की भव्य प्रस्तुति दी गयी। कक्षा तीसरी के छात्रों द्वारा शंकरा रे शंकरा पर प्रस्तुति देकर शिवाजी महाराज के साक्षात् दर्शन करवाये। कुछ छात्र-छात्राओं द्वारा पिता के त्याग एवं बलिदान को भूलकर बेटे द्वारा पिता को घर से बाहर निकाल मरने के लिए छोड़ देना, 21वीं सदी के संसार पर आधारित दर्दभरा नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् कक्षा चौथी की छात्राओं द्वारा शानदार कालबेलिया डांस की प्रस्तुति दी गयी और अंत में होली के गीतों पर डांस की रंगारंग प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी महोदय श्रीमान अशोक जी ने बच्चों की शानदार प्रस्तुति देखकर विद्यालय परिवार की तारीफ की सभी की मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की सोनिया केवलानी, दलजीत कौर, अर्चना सोनी, केसर सोनी, दीपिका टेलर, मोनू कंवर, कल्पना माथुर, सावित्री कलवानी, दीपिका बोराना, भाविका सोनी, हिमांशी सोनी, कमला जैन एवं सुआ देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानाध्यापिका कृष्णा कौर ने बताया कि प्रतिबिम्ब केवल मात्र सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ही ओत-प्रोत नहीं है, इस कार्यक्रम में बच्चों की मेहनत तथा समर्पित भाव से किये गये प्रयासों का अनूठा संगम है, विद्यालय परिवार ने प्रतिबिम्ब की सफलता के लिए बहुत ही मेहनत की है। कार्यक्रम की सभी शानदार ड्रेस का प्रबंध श्रीमती कुसुमलता परिहार द्वारा किया गया।

# मायावती को क्या लगता है खाने में जहर देने का डर...

## ऑफिस जाने के लिए धुलवाती थीं सड़क, कौन बनेगा बसपा का भाग्यविधाताड़

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** अमेरिका की काली करतूतों को उजागर करने वाली खोजी वेबसाइट विकिलीक्स ने 2011 में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को तानाशाह और भ्रष्ट करार दिया था। 23 अक्टूबर, 2008 के एक केबल में कहा गया था कि मायावती को जब भी जरूरत होती, वह अपनी पसंद की सैंडल मंगवाने के लिए अपने एक निजी विमान को खाली मुंबई भेजा करती थीं। बसपा सुप्रीमो मायावती की सुरक्षा जांच के लिए नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स यानी एनएसजी ने बीते मंगलवार को मॉक ड्रिल की थी। इसके लिए पहले से तैयारी की गई थी। बताया जा रहा है कि इसकी सूचना मायावती को दी गई थी। ड्रिल से पहले हमेशा की तरह मायावती के आवास का गेट बंद था। अचानक गेट खुला और एनएसजी कमांडो आवास में दाखिल हुए। पीछे से एक एंबुलेंस भी दाखिल हुई। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने अटकलें लगानी शुरू कर दीं कि क्या मायावती की तबीयत खराब है। भारत की दलित सियासत में मायावती की कहानी बेहद गजब है। जानते हैं उनकी जिंदगी के कुछ अनछुए पहलुओं के बारे में।

**मायावती को लगता था खाने में जहर देने का डर:** मायावती को हमेशा अपनी जान का खतरा सताता रहता है। विकिलीक्स के केबल के मुताबिक, मायावती को यह डर लगता था कि कोई उनके खाने में जहर मिला देगा। इसीलिए उन्होंने फूड टेस्टर्स की नियुक्ति की थी। उनके खाना खाने से पहले कोई कर्मचारी उसे चखता है। मायावती के किचन में खाना बनाने वाले रसोइयों की निगरानी भी की जाती है। विकिलीक्स की स्थापना जूलियन असांजे ने की थी, जिन्हें पिछले साल ही रिहा किया गया था।

**घर से ऑफिस जाने से पहले धुलवाती थीं सड़क:** विकिलीक्स ने कहा था कि मायावती में असुरक्षा की भावना इतनी है उनके भोजन करने से पहले उसे एक कर्मचारी चखता है। उनकी रसोई में खाना बनाने वाले नौ रसोइयों की निगरानी होती है। मायावती घर से ऑफिस निकलने से पहले सड़क को धुलवाती हैं। केबल में यह भी कहा गया था कि सतीश मिश्रा ने अमेरिकी दूतावास के अफसरों से कहा था कि निजी तौर पर मायावती का झुकाव भ्रष्टाचार की ओर है। वह तानाशाह जैसा व्यवहार करती हैं। विकिलीक्स के खुलासे में यह भी कहा गया था कि मायावती प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं। उस वक्त मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि विकीलीक्स का मालिक पागल हो गया है।

# मऊगंज हिंसा में लूटी गई राइफल बरामद, 26 आरोपी गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज



**रीवा।** पुलिस ने मऊगंज हिंसा में लूटी हुई राइफल बरामद कर ली है। इसके साथ ही एएसआई की हत्या और पुलिस से पथराव के मामले में पुलिस ने अब तक 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आईजी ने बताया कि अब तक आधे आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। बाकी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। दरअसल मऊगंज में पुलिस पर हुए पथराव और हिंसक घटनाओं के मामले में एक-एक कर चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। मीडिया ने एसडीओपी अंकिता सुल्या से बात की उन्होंने बताया कि उन्हें और पुलिस टीम को आरोपियों ने जिंदगी और मौत के बीच लाकर खड़ा कर दिया था।

बता दें कि इस पूरे घटना में एसडीओपी अंकिता सुल्या भी घायल हुईं थी, जो अब स्वस्थ्य होकर ड्यूटी पर लौट आई हैं। घायल तहसीलदार कुंवारे लाल की हालत नाजुक है। घायल हुए पुलिसकर्मियों का इलाज भी संजय गांधी अस्पताल और मऊगंज के निजी अस्पताल में किया जा रहा है। अधिकांश पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई हैं। टीआई संदीप भारती को सिर में 10 टांके आए हैं। वहीं अन्य दो प्रधान आरक्षकों को भी सिर में 10 से अधिक टांके आए हैं। एसडीओपी ने बताया कि आरोपी हमारे हत्या की साजिश रच चुके थे। जैसे ही उन्होंने हम पर पत्थरों और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला किया। किसी कदर बचते बचाते हुए हमने उस कमरे के भीतर छिपकर खुद को बचाने की कोशिश की। लेकिन आरोपियों ने बाहर से ताला जड़ दिया।

एक तरह से उन्होंने हमें हाईजैक कर लिया। पहले तो हम अपनी मर्जी से कमरे के अंदर गए हैं ताकि हम अपनी जान बचा सके। लेकिन बाद में उन्होंने हमें बंधक बना लिया। वे बाहर से लगातार हमें जान से मारने की धमकियां देते रहे। धमकियों के साथ ही गंदी-गंदी गालियां भी दे रहे थे।

## शराब कारोबारी की गोली मारकर हत्या

जनमार्ग न्यूज

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में मंगलवार को बदमाशों ने शराब कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। कारोबारी का साथी भी गोली लगने से घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज भी सामने आया है। जिस समय हत्या हुई, कारोबारी ऑफिस में लेटा हुआ था। हयातपुर निवासी बलजीत यादव (50) का टाइल, क्रेन और शराब का कारोबार है। उसका कुछ शराब कारोबारियों से विवाद हो गया था। चर्चा है कि इसी रंजिश में उसकी हत्या की गई है।

# संदिग्धावस्था में मौत को लेकर पिता ने हत्या का संदेह जताया

जनमार्ग न्यूज



**सूरतगढ़।** संदिग्धावस्था में मौत को लेकर पिता ने हत्या का संदेश जताया। घटना वार्ड नंबर 41 की है शुभम सोमानी की पत्नी अंकिता शर्मा की अचानक तबीयत खराब होने पर ससुर अमर सोमानी सहित परिवार के लोग निजी चिकित्सालय में लेकर गए चिकित्सकों के मृत घोषित कर दिया,घटना की सूचना मिलने पर मृतक अंकिता शर्मा के पिता कुलदीप शर्मा अस्पताल पहुंचे तब तक परिवार के लोग शव को घर लेजा चुके थे। वार्ड नंबर 31 निवासी कुलदीप शर्मा ने पुलिस को मौके पर बुलाकर ससुराल वालों पर हत्या की आशंका जताते हुए कहा ससुराल के लोग प्रताड़ति करते थे उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। कुलदीप शर्मा पुत्र श्री मोहनलाल जाति ब्राह्मण निवासी पुरानी आबादी स्कूल के पास, वार्ड नं 31 सूरतगढ जिला श्रीगंगानगर राज0 ने मुकदमा दर्ज करवाया है कि मेरी पुत्री अंकिता शर्मा की शादी 15.05.2022 को शुभम सोमानी पुत्र अमर सोमानी के साथ की थी। प्रार्थी की पुत्री ने शादी के कुछ समय बाद बताया कि उसका पति शुभम, सास सरोज, ससुर अमर सोमानी और ननंद श्रुति सोमानी दहेज की बातों को लेकर तंग परेशान करते हैं। प्रार्थी ने अपने परिवारजनों व रिश्तेदारों को साथ लेकर अंकिता के ससुराल वालों को समझाया कि वे अंकिता को तंग परेशान नहीं करें। जब ये लोग नहीं माने तो प्रार्थी ने मजबुरन अपनी पुत्री अंकिता को दस तोला सोने के आभुषण बनवाकर दिये थे तो कुछ समय ठीक ठाक रहा लेकिन बाद में उक्त लोग वापिस अंकिता को तंग परेशान करने लगे तो अंकिता ने इस बारे बताया कि इन पर समझाईश का कोई असर नहीं हुआ और बात यहां तक आ गई कि परिवारजनों की समझाईश के बाद दोनों की अनबन सुलझ नहीं पाई तो सहमति से श्रीमान अपर जिला एवं सेशन न्यायालय सूरतगढ़ में तलाक याचिका भी प्रस्तुत की थी जो शुभम व उसके परिवार वालों ने गलती मानते हुए धोखा करते हुए अंकिता को दूबारा बसाने पर राजी हो गए। हाल ही होली पर प्रार्थी के भाईयों आदि के घर शुभम और अंकिता मिलने आये थे लेकिन शुभम, अंकिता के पास होली पर मिलवाने नहीं लाया था। दिनांक 15.मार्च को दोपहर में अंकिता ने फोन कर बताया कि उसका पति शुभम, सास सरोज, ननंद श्रुति और ससुर अमर सोमानी मुझे टोरचर कर रहे हैं और मुझे किसी अनहोनी की आशंका है मैंने इनको सुना था कि आपके द्वारा दिया गया सोना और चांदी आदि हड़पना चाहते हैं। सभी ने कुछ दिन पहले मुझे कहा था कि अपने पिता से दो लाख रूप्ये नगदी लेकर आ। मेरा फोन रिकॉर्ड न करले इसलिए मैंने व्हाटसअप कॉल की है, मैंने अंकिता को कहा कि तुझे लेने आ रहे हैं और शुभम को समझायेंगे तो अंकिता ने एक बार आने से मना कर दिया और कहा कि जब ये लोग मेरे साथ कुछ करेगें तो मैं तुम्हें बुला लुंगी। आज 18 मार्च को मैं अपने खेत हिंदौ गांव गया हुआ था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे किसी व्यक्ति का मो0नं0 9772381387 से फोन आया। वह व्यक्ति कहने लगा कि मैं शुभम सोमानी का मित्र बोल रहा हूं और आप अपेक्स हॉस्पीटल आ जाओ आपकी पुत्री अंकिता की तबीयत ठीक नहीं है, मैंने आधे पौने घंटे में अपेक्स हॉस्पीटल पहुंचा मैंरे पहुंचने से पहले ही डॉक्टरों ने अंकिता को मृत घोषित करने पर उक्त सभी अंकिता का दाह संस्कार करने के लिए अंकिता की डेड बॉडी अपने घर जबरदस्ती लेकर चले गये। हॉस्पीटल पहुंचकर अंकिता को वहां नहीं पाया वहां पर मौजुद शुभम के परिवार के व्यक्तियों से कहा कि आपके परिवार की अनुमति से ही हम अंकिता की डेड बॉडी लेकर गये थे। मेरे हॉस्पीटल पहुंचने से पहले ही अंकिता की डेड बॉडी दाह संस्कार हेतु अपने घर क्यों लेकर गये तो उनसे कोई जबाब नहीं बना। घटना की जानकारी सिटी थाना सूरतगढ में घटना बताकर गुहार लगाई कि मेरी पुत्री के ससुराल वालों ने मेरी पुत्री को दहेज की खातिर मार दिया और मेरे आने से पूर्व ही अपेक्स हॉस्पीटल से डेड बॉडी ले जाकर मौत के कारणों का सबुत मिटाने के आशय उसका अंतिम संस्कार करने को आमदा है। पुलिस सहायता से शुभम सोमानी के घर से अंकिता की डेड बॉडी वास्ते पोस्टमार्टम मंगवाई। मेरी पुत्री अंकिता शर्मा के पति शुभम सोमानी,ससूर अमर सोमानी,सास सरोज सोमानी और ननद श्रुति सोमानी ने अंकिता से बार-बार दहेज की मांग कर उसे जान से मार दिया। इन लोगों द्वारा अंकिता के साथ किसी अनहोनी कारित करने की पूर्व सूचना अंकिता ने अपने फोन नंबर 7014955764 से व्हाट्सअप कॉल कर दी थी। मेरी बेटी अंकिता शर्मा की हत्या में शामिल पति शुभम सोमानी, ससूर अमर सोमानी,सास सरोज सोमानी और ननद श्रुति सोमानी के खिलाफ दहेज की मांग कर अंकिता की हत्या करने, हत्या के बाद सबुत मिटाने के आशय से जबरदस्ती उसकी डेड बॉडी वास्ते दाह संस्कार अपने घर बिना पोस्टमार्टम ले जाने, अंकिता को दहेज की मांग कर तंग परेशान करने व प्रताड़ति करने के अपराध का मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जावे।

# परिसीमांकन को लेकर प्रशासन की बैठक

## रावला को पंचायत समिति में बदलने का प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ में आज पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय निकायों के परिसीमांकन को लेकर बैठक हुई। एसडीएम सुरेश राव की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में आयोजित इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। एसडीएम राव ने अधिकारियों को ग्राम पंचायत रावला को पंचायत समिति में बदलने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही घड़साना की नई नगरपालिका के वार्डों का सीमांकन और अनूपगढ़ नगर परिषद की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव भी जल्द तैयार करने को कहा। बैठक में तहसीलदार बाबू लाल रेगर, रामस्वरूप मीणा, विकास अधिकारी राम चन्द्र मीणा और अशोक कुमार यादव, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सरीना, नायब तहसीलदार श्रवण राम और त्रिलोक चन्द मीणा, तथा नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता मनफूल राम सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# टूटी सड़कों से परेशान लोग, सीएम विंडो पर दी कई बार शिकायत

जनमार्ग न्यूज

**रानियां।** सिरसा जिले के रानियां क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। सरकार हर साल सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। फिर भी यहां की सड़कें राहगीरों के लिए खतरा बनी हुई हैं। क्षेत्र की प्रमुख सड़कें जैसे खारियां से सिरसा, रानियां से धोतड़, पंजूवाना से खारियां, रानियां से भूना और कई अन्य रास्ते लंबे समय से खराब स्थिति में हैं। इन सड़कों पर बने अनियमित और अवैध स्पीड ब्रेकर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कराई है। कई लिखित शिकायत भी की गई , लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है।



विशेष रूप से भूना से साहूवाला प्रथम सड़क पर बने अवैध स्पीड ब्रेकर वाहन ड्राइवरों के लिए बड़ी समस्या हैं। इन स्पीड ब्रेकरों की ऊंचाई इतनी अधिक है कि छोटी गाड़ियां उनसे टकरा जाती हैं। इससे वाहनों को भारी नुकसान हो रहा है। सड़कों के किनारे फुटपाथ पर झाड़ियों का कब्जा है। इस कारण ड्राइवरों को साइड देने में भी परेशानी होती है। वाहन ड्राइवरों की मांग है कि सड़क क्रॉसिंग पर बने चारों अवैध स्पीड ब्रेकरों को हटाकर दो तरफ व्यवस्थित किया जाए। इससे वाहनों की गति नियंत्रित हो सकेगी और दुर्घटनाएं कम होंगी। लोगों ने बिना किसी मंजूरी के अवैध स्पीड ब्रेकर बनाए हैं जो कि विभागीय नियमों को पूरा नहीं कर रहे हैं । गांव पंजूवाना से ढुढियावाली तक सड़क का निर्माण करवाए कुछ ही समय हुआ है। इसके बावजूद भी जगह-जगह से सड़क टूट चुकी है।

# शारीरिक शिक्षक के पद सृजन करवाने सहित 21 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज



**जोधपुर।** शारीरिक शिक्षक संघ अपनी मांगों को लेकर मिले विधि मंत्री पटेल से व्याख्याता शारीरिक शिक्षा व द्वितीय श्रेणी शारीरिक शिक्षक के पद सृजन करवाने सहित 21 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन। आज 18 मार्च को शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हापुराम चौधरी की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने जोगाराम पटेल विधि एवं न्याय मंत्री से सर्किट हाउस में मिलकर 21 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा व वार्ता की । विधि मंत्री ने एक-एक मांग को पढ़कर सकारात्मक परिणाम दिलाने का आश्वासन दिया। 21 सूत्रीय मांगे इस प्रकार हैः उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा का पद नाम अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा किया जाए। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के बाद दूसरा पद शारीरिक शिक्षक का स्वीकृत किया जाए छात्र संख्या की बाध्यता हटाई जाएं। प्रत्येक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खेल समन्वयक व्याख्याता शारीरिक शिक्षक का पद स्वीकृत किया जाए प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा का पद स्वीकृत किया जाए। दो या दो से अधिक फैकल्टी वाले विद्यालयों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षक के पद स्वीकृत किया जाए साथ ही एक तृतीय श्रेणी शारीरिक शिक्षक का पद स्वीकृत किया जाए । विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए राइट टू प्ले कानून बनाया जाए। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक मॉडल स्पोर्ट्स स्कूल खोला जाए। जिला व राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का खुराक भत्ता ?250 किया जाए। कक्षा 6 से 10 तक की स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा की पाठ्यपुस्तकें निशुल्क उपलब्ध करवाई जाए। स्पोर्ट्स कोटे की भर्तियों में राष्ट्रीय स्तर पर खेले गए खिलाड़ियों को घटते क्रम में 2त्न आरक्षण का लाभ दिया जाए। स्थानांतरण नीति जारी कर सभी कैडर के स्थानांतरण किया जाए। उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए एन. आई.एस डिप्लोमा की तर्ज पर पूर्ण वेतन के साथ एमपीएड कोर्स करने की अनुमति दी जाए। राज्य स्त्री खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए राशि 50000 से बढ़कर ?200000 किया जाए।डीपीएड व बीपीएड कोर्स के लिए खेल प्रमाण पत्र अनिवार्य किया जाए। कैडर के जिला शिक्षा अधिकारी व उपनिदेशक पदों को बहाल कर शारीरिक शिक्षा कैडर को दुरुस्त किया जाए। शारीरिक शिक्षा वर्ग के सभी पदों की रिव्यू डीपीसी उसी सत्र में की जाए। 14 वर्षीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की खुराक भत्ता निदेशालय स्तर से स्वीकृत किया जाए। पिछले वर्षों में स्वीकृत हुए विद्यालयो में शारीरिक शिक्षको के पद स्वीकृत किया जाए। पीएम श्री विद्यालयों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षक के पद स्वीकृत किया जाए। संभाग मुख्यालय पर राष्ट्रीय खेल हॉकी के एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान बनवाए जाए।शारीरिक शिक्षा कैडर की नई भर्तियां की प्रक्रिया शुरू की जाए । ज्ञापन देने में प्रदेश अध्यक्ष हापुराम चौधरी , देवेंद्र सिंह चौहान, दिनेश सांखला जिलाध्यक्ष जोधपुर शहर , ओमप्रकाश बेनीवाल जिला अध्यक्ष जोधपुर ग्रामीण, लुम्बाराम वैष्णव, महेन्द्र चौधरी, रजाक मोहम्मद, किशन मेघवाल, गोवर्धन सिंह शेखावत, रामलाल जलवानिया उपस्थित रहे

# प्रदेशाध्यक्ष ने किया जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण



**श्रीगंगानगर( जनमार्ग न्यूज )।** आम आदमी पार्टी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल व कार्यकारिणी द्वारा राजकीय चिकित्सालय चेकिंग अभियान चलाया गया है। आम लोगों को इलाज में हो रही परेशानी पता लगाने व सुधार के लिए 46 हॉस्पिटल चिन्हित किए गए हैं। राजकीय जिला चिकित्सालय श्रीगंगानगर में चेकिंग कर मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत की। दिलीप जाखड़ प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, श्याम अरोड़ा जिला अध्यक्ष ट्रेड विंग, प्रमिला शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष, शंकर मेघवाल, शमशेर सिंह बराड़, कानाराम नोखवाल, दीपक चड्ढा, सत्यनारायण ताखर, मानसिंह, संदीप कुमार, हरबंस सिंह व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। कई मरीजों ने लैट्रिन बाथरूम में सफाई कम बताई। पार्किंग के पास कीचड़ व कचरा है, जहां मच्छर मक्खी होते हैं। महिला वार्ड व अन्य वार्डों में बरामदा में बेड पर मरीज पाए गए। कई मरीजों ने प्राइवेट लैब में टेस्ट के लिए भेजना बताया। पीएमओ डॉ. दीपक मोगा से मिलकर उन्हें समस्या से अवगत कराया और सुधार की मांग की गई। उन्होंने जल्दी सुधार का आश्वासन दिया। मरीजों को महिला वार्ड व अन्य स्थान पर फल बांटे गए। मीडिया व अन्य माध्यम से यह शिकायतें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों तक पहुंचाई जा रही है।

# भारतीय मजदूर संघ ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की कि ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन ?5000 तत्काल लागू की जाए तथा अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत + महंगाई राहत के आधार पर पेंशन दी जाए। इसके साथ ही ईपीएफ की वेतन सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 30,000 और ईएसआईसी की वेतन सीमा को 21,000 से बढ़ाकर 42,000 किए जाने की मांग की गई।



संगठन ने सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया। इसके अलावा, बीमा और वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाने की भी मांग की गई। बीएमएस ने स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने की भी मांग की। भारतीय मजदूर संघ ने घोषणा की कि 1 मार्च से 10 मार्च तक इन मुद्दों पर व्यापक जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके। संगठन ने सरकार को चेतावनी दी कि बजट में इन मांगों को शामिल कर आवश्यक संशोधन किए जाएं, अन्यथा 18 मार्च 2025 को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों और कर्मचारियों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों श्रमिक धरने में शामिल होंगे और अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

भारतीय मजदूर संघ के इस आंदोलन को विभिन्न श्रमिक संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। संगठन का कहना है कि सरकार को मजदूरों की हितैषी नीतियां लागू करनी चाहिए और उनके कल्याण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। यदि मांगे पूरी नहीं हुई, तो संघ राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगा।

इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ जिला हनुमानगढ़ के जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिलामंत्री सुरेश कुमार दायमा, संदीप सिरावता संगठन मंत्री, इन्द्राज घोटिया प्रदेश महामंत्री राजस्थान जलदाय कर्मचारी महासंघ, ओमप्रकाश बिश्नोई, अंग्रेज सिंह, संदीप झोरड़ जिला महामंत्री जलदाय तकनीकी कर्मचारी संघ, मनोज राव,गुरमुख सिंह, कृष्ण स्याग,सोहन सिंह,आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फाल्गुन मेले की व्यवस्थाओं के लिए जताया आभार



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में संपन्न हुए श्रीश्याम जी सतरंगी फाल्गुन मेले के लिए मंदिर प्रांगण की ओर से विधायक जयदीप बिहाणी, पुलिस प्रशासन, ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष आभार व्यक्त किया । मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि इस ऐतिहासिक मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए। उनकी उचित व्यवस्था के लिए विधायक जयदीप बिहाणी ने अपना विशेष योगदान दिया। जिले के पुलिस कप्तान गौरव यादव, एडिशनल एसपी रघुवीर शर्मा ,ट्रैफिक इंचार्ज रघुवीर सिह बिका, सदर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र एवं अन्य अधिकारियों ने ऐसी शानदार व्यवस्था करी की आए हुए श्रद्धालुओं ने बड़े आराम से बिना कोई दिक्कत के बाबा श्याम के दर्शन किये। लाखों लोगों ने इस अद्भुत मेले में अपनी अपनी हाजरियां बाबा श्याम के समक्ष लगाई । सुबह से लेकर रात्रि तक चले इन विशेष आयोजनों में हर श्रद्धालु ने बाबा श्याम के संग अपने-अपने ढंग से आनंद लिया। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला, सेवादार के के शर्मा, जसवंत सोडा, अभिनव ने इन सभी का विशेष आभार व्यक्त किया और बाबा श्याम का विग्रह, मोरपंख, इत्र भेंट किया।

# व्यापार मंडल के चुनाव 19 को

**सूरतगढ़।** व्यापार मंडल के आगामी चुनाव वर्ष 2025-26 हेतु चुनाव प्रक्रिया में नामांकन वापसी के दिन अंतिम दिन अध्यक्ष पद हेतु सुरेंद्र चुघ , सचिव पद हेतु मनोज सोमानी, और सहसचिव पद हेतु कमल चौरडिया ने अपना नामांकन पत्र वापस लेने के बाद अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष और सहसचिव पद हेतु दो दो नामांकन शेष रहने पर 19 मार्च को सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक मतदान करवाया जाएगा।

निर्वाचन अधिकारी दर्शन भगत परनामी ने बताया अध्यक्ष पद के लिए संजय सोनी, विजय कुमार गोयल, सचिव पद के लिए विकास कुमार चुघ, भगवान दास बाघला, उपाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार व्यास, दीपक गाबा, सह सचिव पद के लिए मंजुल भगत, विनय कुमार जाखड़ के लिए मतदान करवाया जाएगा। कोषाध्यक्ष पद के लिए हेमंत दगा का एकमात्र नामांकन होने पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

## शादी में आए रिश्तेदारों के घर में रखे बैग में जैवरात व नगदी उठा ले गए चोर।

**चूनावढ़.** थाना अंतर्गत गांव बख्तावाली में अज्ञात चोर घर में रखे दो बैग चोरी कर ले गए। परिवादी महेन्द्र सिंह ने 25 फरवरी दोपहर को उसकी बेटी की शादी थी,तो एक दिन पहले 24 फरवरी की रात को घर में जागो थी, उसी रात को घर में आये हुए रिश्तेदार शंकुतला गांव खीयावाली फाज्लिका व गुरविंदर कौर फरीदकोट पंजाब के दोनों बैगों रखें 19 हजार रुपए नगद व 3 जोड़ी सोने के टोपस अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस संबंध में महेंद्र सिंह ने थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है जिसकी जांच हैंड कांस्टेबल मनोहर लाल कर रहे हैं।

# किसानों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जयपुर स्थित आवास पर आयोजित फागोत्सव में भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ का 5 जिलों (हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, अनूपगढ़, बीकानेर व जैसलमेर) का प्रतिनिधिमंडल राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद धारणियां के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला, जिसमें श्रीगंगानगर से जिलाध्यक्ष इंजि. बलदेव सिंह, जिला मंत्री अशोक जाखड़, जिला कोषाध्यक्ष कुलजीत सिंह, हेमसिंह सहित उक्त सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, मंत्री व अन्य पदाधिकारी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान बजट-2025 में सिंचित क्षेत्र विकास हेतु गंगनहर की आरडी 45 से खखा हेड निर्माण हेतु 300 करोड़ रुपये, भाखड़ा व आईजीएनपी क्षेत्र में खालों के निर्माण हेतु बजट व 1500 डिग्गियों के निर्माण एवं अन्य कार्यों के लिए पर्याप्त बजट देने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को किसान संघ का स्मृति चिन्ह व हल भेंटकर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत से भी भेंट की गई तथा सभी जिलों का संयुक्त मांग-पत्र भी दिया गया, जिसमें भारतीय किसान संघ के जिला कार्यालय हेतू सभी जिलों को मुख्यालय पर नगर परिषद से निःशुल्क जगह उपलब्ध करवाने, इन्दिरा गांधी नहर परियोजना का पुनः निर्माण 0 आरडी से 179 आरडी तक करवाने, सरसों की सरकारी खरीद के लिए खरीद प्रक्रिया शीघ्र शुरु करने व 1 अप्रेल से सरकारी खरीद शुरु करने, खरीद में जन आधार की बाध्यता हटाकर आधार कार्ड लागू करने, एक खाते में कम से कम 50 क्विंटल सरसों तुलाई करने, गंगनहर में पानी का उतार-चढ़ाव अत्याधिक होने के कारण इसमें स्थिरता लाने, गंगनहर की वितरिकाओं को साप्ताहिक क्रम से चलाने के लिए कम से कम दो हजार क्यूसेक पानी हर समय गंगनहर में देने, घग्घर नदी के रेगुलेशन बदलकर 6 हजार क्यूसेक पानी घग्घर नदी में छोडने व घग्घर नदी का पानी अनूपगढ़ क्षेत्र तक पहुंचाना सुनिश्चित करने, बीकानेर जिले में नहरों के पुनर्निर्माण में लेवल, हेड व मोघे मापदण्ड के अनुसार नहीं लगाने के कारण मोघे सही करने व नहरों का लेवल सही करने, जैसलमेर जिले की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सूक्ष्म सिंचाई योजना में विशेष पैकेज की घोषणा करते हुए डिग्गी निर्माण, स्प्रिंकलर, ड्रिप इरिगेशन पर 90 प्रतिशत अनुदान देने, बागवानी मिशन में खजूर का बाग लगाने पर खजूर के पौधों पर 90 प्रतिशत अनुदान देकर पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे।

# रास्ता विवाद में हत्या का प्रयास, दो गिरफ्तार

● अब तक 8 आरोपी काबू, पिकअप जब्त ● हमला कर वाहनों में की थी तोड़फोड़

**जनमार्ग न्यूज।**

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ के खुइयां थाना क्षेत्र में रास्ता विवाद को लेकर हुए हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान लीलाधर उर्फ लीलूराम और राजूराम के रूप में हुई है। दोनों कानसर के वार्ड पांच के निवासी हैं। कानसर निवासी रामकुमार के खेत में 23 अगस्त 2024 को जबदलीप उर्फ दीपा और उसके साथियों ने जबरदस्ती रास्ता निकालने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने रामकुमार पर जानलेवा हमला कर दिया और वाहनों में तोड़फोड़ की। खुइयां थाना प्रभारी एसआई जगदीश प्रसाद पाण्डर ने बताया कि इस मामले में पहले ही दलीप उर्फ दीपा, सोहनलाल, भानीराम, हनुमान, महेन्द्र सिंह और महावीर को



गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। नए गिरफ्तार आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई बोलेरो पिकअप भी जब्त की गई है। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पाण्डर के साथ कॉन्स्टेबल नेमीचन्द, मांगीलाल, कमलेश मीणा और बलवंत की टीम शामिल रही। अब तक इस मामले में कुल आठ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## ट्रैक्टर ट्राली का टायर फटने से मौत

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** हनुमानगढ़ जिले के संगरिया थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्राली का टायर फटने से उसे पर बैठा एक युवक नीचे आ गिरा। गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस ने बताया कि यह हादसा कल मंगलवार दोपहर को गांव सिंहपुर के समीप हुआ। घायल हुए साधुराम मेघवाल निवासी इंद्रपुरा तहसील संगरिया हाल निवासी लक्खूआना तहसील डबवाली जिला सिरसा, हरियाणा को लोगों ने तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया। उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उसके भाई अमीलाल मेघवाल (35) द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।

# अनूपगढ़ थाने का एडिशनल एसपी ने किया निरीक्षण

● लोगों ने चोरी और नशे की बढ़ती घटनाओं पर जताई चिंता ● सदर थाना बनाने की मांग

**जनमार्ग न्यूज।**

**अनूपगढ़।** रायसिंहनगर के एडिशनल एसपी भंवरलाल ने बुधवार को अनूपगढ़ पुलिस थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एडिशनल एसपी ने अनूपगढ़ एसएचओ ईश्वर जांगिड़ को थाने में दर्ज मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परिवादियों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। थाने के रिकॉर्ड की भी जांच की गई। निरीक्षण के बाद आयोजित सीएलजी बैठक में स्थानीय लोगों ने महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। गांव पतरोडा के समाजसेवी दीपक सोनी ने क्षेत्र में बढ़ती चोरियों की समस्या बताई। उन्होंने कहा कि नशेड़ी युवक बेखौफ होकर चोरी की वारदातें कर रहे हैं। ग्राम पंचायत 27 ए के सरपंच मनवीर सिंह ने बताया



कि पुलिस नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रही है। लेकिन थाने में स्टाफ की कमी से कार्रवाई प्रभावित हो रही है। बैठक में लोगों ने अनूपगढ़ में सदर थाना बनाने की मांग की, जिससे आपराधिक गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण हो सके।

## घड़साना थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में एक मकान में चोरी की घटना हो गई। पुलिस के अनुसार चक 2-एमजीएम (बी) रोजड़ी निवासी श्रीमती जमुना देवी(55) पत्नी अमरसिंह राजपूत रिपोर्ट देते हुए बताया है कि 17-18 मार्च की रात को कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर से सोने-चांदी के जेवर तथा नगद राशि चोरी कर ले गया। जमुना देवी के मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया जा रहा है। अनूपगढ़ थाने में वार्ड नंबर 13/19 निवासी बलदेव अरोड़ा (58) ने विगत 15 मार्च को वार्ड नंबर 13 से ही उसका मोटरसाइकिल किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है।

# कैंसर पीड़ित की लाश नहर किनारे झाड़ियों में मिली

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** पंजाब के फाजिल्का जिले से श्रीगंगानगर के सरकारी अस्पताल में कैंसर का इलाज करवाने आए अधड़े उम्र के एक व्यक्ति की लाश जवाहरनगर थाना क्षेत्र में कालूवाला गांव के निकट गंग कैनाल किनारे झाड़ियों में सडी-गली हालत में मिली। उसके शरीर में कीड़े पड़ गए थे। बड़ी मुश्किल से मृतक की पहचान हो पाई। घटनाक्रम की जांच कर रहे जवाहरनगर थाना में एएसआई गुरदीपसिंह ने बताया कि मृतक की पहचान राधेश्याम वाल्मीकि (45) निवासी गांव मघेवाला थाना बोदीवाला जिला फाजिल्का, पंजाब के रूप में हुई है। अविवाहित राधेश्याम कैंसर से पीडति था। पहचान होने पर उसके भाई विक्रम द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई।जांच अधिकारी के अनुसार राधेश्याम इस महीने के प्रथम सप्ताह में श्रीगंगानगर के राजकीय चिकित्सालय में अपने कैंसर के इलाज के लिए भर्ती हुआ था। उसे 10 मार्च को अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।उस दिन राधेश्याम के साथ उसका भाई भी था। छुट्टी मिलने पर वह राधेश्याम को अस्पताल में एक स्थान पर बैठा छोड़कर दवा लेने के लिए काउंटर पर चला गया। वापस आया तो राधेश्याम नहीं मिला। काफी तलाश करने पर भी राधेश्याम नहीं मिला तो उसका भाई यह सोचकर वापस गांव चला गया कि वह भी गांव चला गया होगा लेकिन राधेश्याम वहां नहीं पहुंचा। परिवार वाले उसकी तलाश करने में लगे रहे। जांच अधिकारी के मुताबिक परसों सोमवार शाम को कालूवाला बाईपास के नजदीक एक खेत के किसान ने थाने में सूचना दी की नहर किनारे झाड़ियों में एक व्यक्ति की गली सड़ी लाश पड़ी है। मौके पर थाना प्रभारी सीआई देवेंद्रसिंह राठौड़ दलबल सहित पहुंचे। कई दिनों से लाश पड़े होने के कारण बुरी तरह से सड गई थी। उसके शरीर में कीड़े भी पड़ गए थे। पुलिस ने जब उसके पहने हुए कपड़ों की तलाशी ली तो उसमें कुछ दवाओं की पर्चियां मिली,जिन पर दो-तीन मोबाइल नंबर भी लिखे हुए थे। इन नंबरों पर संपर्क करने से उसकी पहचान हुई। कल मंगलवार को उसके परिवार वाले श्रीगंगानगर पहुंचे। तत्पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर पुलिस ने लाश उनके सुपुर्द कर दी। पुलिस जांच कर रही है कि वह किन परिस्थितियों में कालूवाला गांव के निकट नहर किनारे पहुंचा और उसकी मौत हुई।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 मार्च 2025 गुरूवार को प्रातः 11 बजे जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट श्रीगंगानगर के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

# चिट्टा सप्लायर और रेप का आरोपी काबू

**जनमार्ग न्यूज।**



**हनुमानगढ़।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। गोलूवाला थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में वांछित चिट्टा सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गोलूवाला थाना प्रभारी एसआई राकेश सांखला के नेतृत्व में टीम ने मुख्य नशा सप्लायर विनोद कुमार को गिरफ्तार किया। विनोद कुमार पक्काभादवां का रहने वाला है। यह मामला 15 फरवरी का है, जब सदर थाना पुलिस ने शाकर हुसैन को सात ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा था। पूछताछ में शाकर ने हेरोइन विनोद कुमार से खरीदना बताया था। दूसरी ओर, तलवाड़ा झील थाना पुलिस ने एक संगीन मामले में सफलता हासिल की। पुलिस ने रेप, एससीएसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट के एक मामले में वांछित आरोपी मांगासिंह उर्फ मंगू को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी एसआई रजनदीप कौर के मुताबिक, एएसआई हंसराज की टीम ने आसूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह गिरफ्तारी की। दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ जारी है। गोलूवाला थाने की कार्रवाई में कॉन्स्टेबल मनोज कुमार की विशेष भूमिका रही।

# शादी के बाद भी नहीं छोड़ा युवती का पीछा

❑ पति के सामने कर दिया जबरदस्ती दुष्कर्म का खुलासा ❑ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** शादी होने के बाद भी एक युवक ने युवती का पीछा नहीं छोड़ा। वह उस पर पहले की तरह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मिलने का दबाव डालता रहा। युवती इसके लिए सहमत नहीं हुई तो उसने शादी पूर्व किए जबरदस्ती दुष्कर्म का उसके पति के समक्ष खुलासा कर दिया। इस पर युवती ने शादी से पहले युवक पर जबरदस्ती दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाने, रुपए ऐंठने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवा दिया। पुलिस ने इस युवक को गिरफ्तार कर लिया। जवाहरनगर थाना में विगत 21 फरवरी को पीडिता द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर दर्ज मुकदमे की जांच कर रहे डीएसपी (अजा/जजा) विष्णु खत्री ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपी युवक दिनेश उर्फ आशीष (26) निवासी रामलाल कॉलोनी को आज अदालत में पेश किया गया। उसने विगत 20 फरवरी को कथित रूप से पीडिता के शादी से पहले उससे अनेक बार जबरदस्ती दुष्कर्म का खुलासा पति के समक्ष कर दिया था। पीडिता का पति शहर में एक मिल्क डेयरी में काम करता है। पीडिता ने मुकदमे में बताया कि वर्ष 2020-21 में जब वह 10वीं 11वीं में पढ़ती थी और नाबालिक थी, तब दिनेश उर्फ आशीष स्कूल आते जाते उसका पीछा करता था। फरवरी 21 में जब एक दिन उसके माता-पिता निकटवर्ती एक गांव में गए हुए थे और उसका भाई भी घर पर नहीं था, तब आशीष अचानक घर में आ गया।उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और जबरदस्ती नाजायज संबंध बनाए। उसका अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आशीष उसका जब भी मौका मिलता नाजायज फायदा उठाने लगा। उससे रुपए भी लेने लगा। उसने दो बार माता-पिता की नजर बचाकर 10-10 हजार रुपए घर से चुरा कर उसे दिए।

## वाटर वर्क्स की डिग्गी में युवक का शव मिला

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** सादुलशहर थाना अंतर्गत गांव मन्नीवाली के वाटर वर्क्स की डिग्गी में एक युवक की लाश मिली है जबकि श्रीविजयनगर थाना इलाके में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। सादुलशहर पुलिस के अनुसार करीब 21 वर्षीय युवक सुनील जाट की लाश उसके मन्नीवाली गांव के ही वाटर वर्क्स की डिग्गी में कल दोपहर को पड़ी मिली। वह कल सुबह ही कर से निकला था। गांव वाले ही उसका शव निकालकर सादुलशहर के सरकारी अस्पताल में लेकर आए। मामले की जांच कर रहे हवलदार संजीव पांडेय ने बताया कि सुनील पढ़ाई करता था। प्रारंभिक जांच पड़ताल के आधार पर पुलिस ने उसके द्वारा डिग्गी में कूद कर आत्महत्या किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया लेकिन अभी तक इसका कोई कारण सामने नहीं आया। मृतक के चाचा गिरधारीलाल की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी। उधर श्रीविजयनगर थाना क्षेत्र में चेक 23-जीबी के नजदीक रेलवे लाइन पर एक युवक की कल मंगलवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई।

# शातिर बदमाश दो पिस्टल और कारतूस समेत गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** जैतसर थाना इलाके में पुलिस ने एक शातिर बदमाश को दो पिस्टल और साथ अवैध कारतूसों समिति गिरफ्तार किया है। वहीं श्रीविजयनगर क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल अवैध रूप से रखने के आरोप में पड़ा है।पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि जैतसर थाना इलाके में कल देर शाम को राजेंद्र निवासी चक 7-एलसी थाना जैतसर को हिरासत में लिया गया।उसके कब्जे से 12 और 32 बोर के तो पिस्तौल बरामद हुए। उसके पास 12 बोर के दो तथा 32 बोर के पांच जीवित कारतूस भी मिले। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज



कर जांच शुरू कर दी गई है। राजेंद्र को पकड़वाने में जिला विशेष दल ह्य(डीएसटी)में सिपाही निर्मल गोदारा की अहम भूमिका रही। राजेंद्र के विरुद्ध एएसआई वेदपाल की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे बरामद हुए अवैध हथियारों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजेंद्र के विरुद्ध पूर्व में आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस बीच श्रीविजयनगर थाना में हवलदार सुरेंद्र की टीम ने कल शाम को चक 29-जीबी शिवपुरी के नजदीक कुलबीरसिंह को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 2000 प्रेगाबलीन कैप्सूल बरामद हुए जो कि नशे के रूप में इस्तेमाल किए जाते हैं। उसके विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है,जिसकी जांच हवलदार सलीम पठान द्वारा की जा रही है।

## वार्ड तीन के लोगों को रेलवे का नोटिस

**जनमार्ग न्यूज।**

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ के तीन वार्डों में रह रहे लोगों को रेलवे विभाग द्वारा भूमि खाली करने के नोटिस जारी किए गए हैं। इन वार्डों में चूना फाटक से अंबेडकर चौक तक के क्षेत्र में कई वर्षों से लोग निवास कर रहे हैं। भारतीय युवा कांग्रेस के पवन गोयर ने बुधवार को नगर परिषद आयुक्त लाजपत बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा। गोयर ने बताया कि वार्ड नंबर 1, 31 और 35 में नगर परिषद द्वारा बिजली, पानी, सड़कें और नालियों जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रेलवे विभाग इस भूमि को अपनी बता रहा है। विभाग ने वार्डवासियों को नोटिस जारी कर भूमि खाली करने के निर्देश दिए हैं। युवा कांग्रेस का कहना है कि अगर रेलवे विभाग भूमि खाली करवा लेगा तो इन तीनों वार्डों में रह रहे लोग बेघर हो जाएंगे। युवा कांग्रेस ने आयुक्त से मांग की है कि इन वार्डों में रह रहे लोगों को न हटाया जाए। साथ ही उन्हें जिस स्थान पर वे रह रहे हैं, उसका मालिकाना हक दिया जाए।

# ई-रिक्शा चालक ने साथियों से मिलकर दंपति समेत तीन को पीटा

● कोतवाली में शिकायत करने पर युवक से मारपीट ● साधुवाली में पति ने पत्नी को किया घायल

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर शहर में कल रात रेलवे स्टेशन के बाहर एक ई-रिक्शा के चालक ने तीन-चार साथियों से मिलकर एक दंपती समेत तीन जनों को बुरी तरह से धुन डाला। इसमें घायल हुए एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कोतवाली में शिकायत करने पर एक युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर देने की घटना भी सामने आई है। इस युवक के परिवार वालों ने कुछ दिन पहले कोतवाली में गाली-गलौज व मारपीट की कोशिश करने वालों के विरुद्ध दरखास्त दी थी। निकटवर्ती साधुवाली गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस के मुताबिक एक ई-रिक्शा (टोकन नंबर




3070) के चालक सलीम खां और उसके तीन-चार साथियों ने कल रात 8.15 बजे रेलवे स्टेशन के बाहर में रोड पर सुखदेवसिंह मजहबी सिख (38) निवासी चक 25 एफ गुलाबेवाला थाना केसरीसिंहपुर, उसकी पत्नी सर्वजीतकौर और साले गुरजंटसिंह को मारपीट कर घायल कर दिया। सुखदेवसिंह के ज्यादा चोटें लगीं।जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसके द्वारा दिए बयान के आधार पर उक्त ई-रिक्शा के चालक सलीम खां और उसके तीन-चार साथियों के विरुद्ध मारपीट कर 20 हजार रुपए छीनने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। सुखदेवसिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी, साले और बच्चों के साथ कल गांव से बस द्वारा श्रीगंगानगर आया था। उन्होंने रेलगाड़ी से नैना देवी डेरा साहब जाना था। केंद्रीय बस अड्डा के बाहर मेन रोड पर उन्होंने उक्त ई-रिक्शा रेलवे स्टेशन जाने के लिए किया। चालक ने कोड़ा चौक में ई-रिक्शा रोक लिया। जब उसकी पत्नी ने कहा कि उन्हें देर हो रही है तो चालक ने उनको वही उतार दिया। वे दूसरे टेंपो से रेलवे स्टेशन चले गए। वे अभी रेलवे स्टेशन के गेट के पा पहुंचे थे, तभी ई रिक्शा चालक सलीम खां अपने तीन-चार साथियों के साथ आया और उन्हें इस बात के लिए मारपीट करने लगा कि कोडा चौक से उन्होंने दूसरा टेंपो क्यों ले लिया। वहां खड़े लोगों ने बीच बचाव किया। पुलिस के अनुसार सुखदेवसिंह ने आरोप लगाया है कि सलीम खां और उसके साथियों ने उसे 20 हजार रुपए छीन लिए।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में दो बच्चों का पिता गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन के उसे पर की एक ढाणी से लगभग 20 दिन पहले एक नाबालिग लड़की को अगवा कर कासगंज (उत्तर प्रदेश) ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने दो बच्चों के पिता को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच डीएसपी (महिला अत्याचार एवं अन्वेषण)विजय मीणा द्वारा की जा रही है। आरोपी अविनाश (28) को एक पुलिस टीम उत्तर प्रदेश से काबू कर कल शाम को वापस श्रीगंगानगर पहुंची, जिस पर उसे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अविनाश के दो बच्चे हैं।उसकी पत्नी उसे कुछ समय पहले छोड़कर चली गई थी। वह विगत एक मार्च को पुरानी आबादी में रेलवे लाइन के उसे पर एक ढाणी में अपने पड़ोस में रहने वाले परिवार की लगभग 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसला भगा ले गया श।उसी रोज ही लड़की के एक परिवारजन ने उसके विरुद्ध पुरानी आबादी थाना में मुकदमा दर्ज करवा दिया। वह लड़की को कासगंज जिले में अपने ननिहाल गांव में ले गया। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी। इस बीच लड़की के परिवार वालों द्वारा दबाव बनाए जाने पर अविनाश लड़की को लगभग 10 दिन पहले निकटवर्ती गांव साधुवाली में छोड़कर वापस भाग गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार लड़की का मेडिकल चेकअप करवाया गया और सीआरपीसी की धारा 164 के तहत उसके बयान दर्ज किए गए। इनके आधार पर उसके साथ आरोपी द्वारा दुष्कर्म किए जाने की पुष्टि हुई,जिस पर अपहरण के मुकदमे में पोक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ दी गईं। आरोपी को पकड़ने के लिए विगत दिवस एक पुलिस टीम को उत्तर प्रदेश भेजा गया, जिसने उसे काबू कर लिया। अविनाश दिहाडी मजदूरी करता है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692